

बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 131 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा।"
- भगवत गीता

## मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
-स्वामी विवेकानंद

# कांग्रेस को मिलेंगी 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीटें: मोदी

● देश ने 10 साल में देखा है कि मोदी की मजबूत सरकार ही देशहित में है, जनहित में है। तीन चरण के चुनाव पूरे हो चुके हैं: पीएम

**निशाना साधा**

**यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आई हैं। मैं आप सभी का आभारी हूं। मौजूदा चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है : मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली में चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि शहजादे की जितनी उम्र है उससे भी कम सीटें कांग्रेस को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आई हैं। मैं आप सभी का आभारी हूं। मौजूदा चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है और देश की जनता का आशीर्वाद सिर्फ भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश ने 10 साल में देखा है कि मोदी की मजबूत सरकार ही देशहित में है, जनहित में है। तीन चरण के चुनाव पूरे हो चुके हैं। चौथे चरण का मतदान कल होने वाला है। तीन चरण के चुनाव के बाद मैं विश्वास से कह सकता हूं कि भाजपा और एनडीए 400 पार कर के ही रहेंगे। अब 400 पार ये नारा नहीं है, ये 400 पार देश के कोटि-कोटि लोगों का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा-नीत एनडीए को तो आप 400 पार करा ही देंगे लेकिन ये कांग्रेस के जो शहजादे हैं ना उनकी जितनी उम्र है कांग्रेस को उससे भी कम सीटें मिलने वाली हैं। इससे साफ है कि आपने दमदार सरकार बनाई और भारत का दम पूरी दुनिया में दिख रहा है। सामान्य तौर पर हमारे परिवार में जो बड़ा होता है उसकी इच्छा होती है कि वो मरने के बाद बच्चों को कोई तकलीफ ना हो, बच्चे दुखी ना हो, बच्चे मुसीबत ना पड़ें इसलिए परिवार का मुखिया परिवार के बच्चों के लिए कुछ छोड़कर जाना चाहता है। अपने वारिस को कुछ देकर जाना चाहता है, लेकिन मोदी का वारिस कौन है, मेरे वारिस तो आप सब देशवासी हैं। आप ही मेरा परिवार हैं, आप ही मेरे वारिस हैं। आपके अलावा इस दुनिया में मेरा कुछ भी नहीं है। इसलिए मैं भी मेरे इस परिवार के बच्चों के लिए विकसित भारत बना करके उनके हाथ में देना चाहता हूं।

### तृणमूल कहती है हर घर बमः पीएम मोदी

**तृणमूल** पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विकास के लिए भाजपा के प्रयासों के बीच तृणमूल अपने कामों में व्यस्त है और उसके काम क्या हैं। यहां माफियाराज चल रहा है। मोदी कहता है हर घर जल और तृणमूल कहती है हर घर बम। कुछ दिन पहले ही एक बम फट गया और बच्चों की जीवन चला गया। माताओं-बहनों, बेटियों का तो यहां जीवन मुश्किल हो गया है। संदेशखाली में ये क्या कर रहे हैं पूरा देश देख रहा है। तृणमूल संदेशखाली में हर हथकंडा अपना रही है लेकिन मैं आप सभी को ये गारंटी देता हूं, तृणमूल का कोई भी अत्याचारी बचने नहीं पाएगा। तृणमूल ने बंगाल के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है।

### पीएम किसान योजना से किसानों को मिल रहा लाभ

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि किसान बंगाल की बड़ी ताकत हैं, पीएम किसान योजना से किसानों को लाभ मिल रहा है। अब भाजपा ने आलू और प्याज उगाने वाले किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। हम विशेष क्लस्टर बनाने जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ यहां के किसानों को होगा। रेलवे को लेकर इतना काम हो रहा है। यहां देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो बन गई लेकिन यहां इनवेस्टमेंट लाने के लिए, नौकरी लाने के लिए ये टीएमसी वालों की कमीशन कंपनी रुकावटें पैदा करती है। उनको सबक सीखाने के लिए ही ये चुनाव हो रहा है। ये सबक कौन सिखाएगा। ये काम आपका एक वोट करेगा।

## मुस्लिम लीग की भाषा बोल रहे हैं उद्धव ठाकरेः भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं विधायक नीतेश राणे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेता इस समय मुस्लिम लीग जैसी ही भाषा बोल रहे हैं। यह भाषा देश में नहीं है। नीतेश राणे ने रविवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेताओं की भाषा देश के लिए खतरे की घंटी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हमेशा की जा रही आलोचना देश के नागरिकों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के हाल ही के भाषणों से लगने लगा है कि यह लोग कर्नाटक पैटर्न पूरे देश में लागू करना चाहते हैं।

इससे राज्य एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीना जा सकता है। भाजपा उद्धव ठाकरे की इस कुटिल साजिश को सफल नहीं होने देगी।

## 'कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर में फिर से लागू होगा अनुच्छेद 370'

**प्रतापगढ़ः भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा उम्मीदवार एवं मौजूदा सांसद विनोद सोनकर को जिताने की अपील की। अमित शाह ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से लागू कर देगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादे के मुताबिक कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए हटा दिया है लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इसको पचा नहीं पा रहे हैं। शाह ने कहा कि तीसरे चरण में ही भाजपा 200 सीटों के करीब पहुंच गई है। चौथे चरण में ढाई सौ सीटों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश से आतंकवाद, नक्सलवाद को समाप्त किया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए वोट मांगा और कहा कि इन्हें तीसरी बार संसद भेजकर क्षेत्र का विकास कराने का कार्य करें।

# सीमा पर शांति से ही सुधरेंगे संबंधः जयशंकर



**शांति**

**भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों में कई बार शांति वार्ता हुई, लेकिन उसका कोई हल नहीं निकल पाया। अब चीन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है।

**सीमा पर शांति से ही सुधरेंगे संबंधः** जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हम सभी शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करते हैं और इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर शांति पर ही निर्भर करती है। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को तरजीह दी जा रही है उनमें "गश्ती अधिकार" और "गश्ती क्षमता" शामिल है। एक पत्रिका से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर विवाद पर पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर केवल एक बड़ा दृष्टिकोण प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि चीन के साथ सभी मुद्दों पर समाधान हो जाएगा। ये

**जयशंकर ने माना- चीन के साथ सामान्य नहीं है संबंधः**
जयशंकर ने आगे कहा कि चीन के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में शांति भंग हो गई है। पीएम मोदी का साफ कहना है कि चीनी पक्ष को यह एहसास होना चाहिए कि मौजूदा स्थिति उसके हित में नहीं है। मोदी ने कहा था कि सीमा की स्थिति पर तत्काल बातचीत करने की जरूरत है और भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी किया है। आलमगीर आलम को 14 मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया गया है। मंत्री आलमगीर आलम को उनके पीएस के यहां से मिले लगभग 35 करोड़ रुपये को लेकर समन जारी किया गया है। ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे।

# केजरीवाल ने दी 10 गारंटी, बिजली, पानी पर फोकस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव जीतने पर 10 गारंटी पूरा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही। साथ ही जीएसटी और अग्निवीर से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की और 10 गारंटियों का जिक्र किया। पूरे देश में 24 घंटे सातों दिन बिजली जिसमें गरीबों को मुफ़्त बिजली दी जाएगी। देश के हर गांव-मोहल्ले में विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल बनाकर सभी बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। देश के हर ज़िले में

**वादा**

**मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही**

विश्वस्तरीय अस्पताल और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बना कर मुफ़्त इलाज दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि चीन द्वारा कब्जा की भारत की जमीन छुड़वाने के लिए सेना को पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। अग्निवीर योजना बंद कर- के सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा। स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक ही सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर किसानों को फसलों का पूरा दाम दिया जाएगा।

# गांधी परिवार ने रायबरेली में विकास नहीं होने दियाः शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेलीः** भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में रायबरेली पहुंचे देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं बहन प्रियंका का भाषण सुन रहा था उन्होंने कहा मैं परिवार से वोट मांगने आई हूं बात तो सही है रायबरेली वालों ने सालों से गांधी नेहरू परिवार को जिताया मगर 5 साल तक यहां से चुनकर जाने के बाद गांधी परिवार ने यहां आकर नहीं देखा। अमित शाह ने प्रियंका गांधी का नाम लेते हुए कहा कि यह घर परिवार आपका है लेकिन हमारा भाई दिनेश हर जगह पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आज यहां शहजादे वोट मांगने आए हैं। इतने साल साल से आप लोग वोट दे रहे हो। सांसद निधि से आपको क्या मिला है? मैं पूरा हिसाब लेकर आया हूं। अगर खर्च नहीं हुआ तो कहां गया है। पूरे यूपी में पीएम मोदी ने विकास की बहार चलाई है। मगर गांधी परिवार विकास को रायबरेली में घुसने नहीं दे रहा है।

**घेरा**

**70 साल से गांधी परिवार धारा 370 को गोदी में लेकर बैठा था- हमने हटाने का किया काम**

# मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवालः शिवराज



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अग्रिम जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। जेल से निकलने के बाद से ही वे हमलावर हो गए हैं और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए जमकर बयानबाजी कर रहे हैं। अब उनके इन आरोपों पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल में पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। अभी बेल पर हैं और केवल चुनाव तक के लिए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हम कार्यकर्ताओं के लिए राजनीति पद प्राप्ति या स्वार्थों की सिद्धि का माध्यम नहीं है। देश की सेवा के लिए हम राजनीति करते हैं और जनता की भलाई और विकास के लिए हम राजनीति करते हैं। पूरी प्रामाणिकता, मेहनत और ईमानदारी से हम करते हैं।

## श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदरीनाथ** : ग्रीष्मकलीन दर्शन के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। पहले दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई है।

बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत-नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# प्रज्ज्वल मामले में सीबीआई जांच से इनकार



**यौन उत्पीड़न**

**राज्य पुलिस की विशेष जांच टीम पर भरोसा है, जो मामले क जांच कर रही है : मुख्यमंत्री सिद्धारमैया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरुः कर्नाटक** सरकार ने यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे जद (एस) के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले की जांच सीबीआई से कराने से इनकार कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि उन्हें राज्य पुलिस की विशेष जांच टीम पर भरोसा है, जो मामले क जांच कर रही है। उन्होंने यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे प्रज्ज्वल रेवन्ना मामले की जांच सीबीआई से कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ऐसी मांग करने के भाजपा के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए विपक्षी दल से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है? उन्होंने "निष्पक्ष जांच" कर रही एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने के लिए भगवा पार्टी पर भी निशाना साधा। सिद्धारमैया ने भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग करने पर एक सवाल के जवाब में कहा, "हम अपनी पुलिस (एसआईटी) से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। वे कुशल हैं।" यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को 'भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो' कहा था, और कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने आगे कहा, "ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक मामले में भी जांच निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा और ना ही किसी को सजा मिली।"

## क्षमता से अधिक संख्या में यमुनोत्री धाम आ रहे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः** चारधाम यात्रा के प्रथम पड़ाव यमुनोत्री धाम में यात्रा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाम में रातभर फंसे रहे। क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं पहुंचने से पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गये हैं।

पुलिस अधीक्षक ने रविवार को यमुनोत्री धाम की यात्रा की योजना बना रहे श्रद्धालुओं से फिलहाल यात्रा स्थगित करने की अपील की है।

**कन्फ्यूजन** राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर कांग्रेस और जजपा दोनों दल बुरी तरह से फंस गए हैं

# हरियाणाः फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सत्र बुलाएगी भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा की अल्पमत में आई भाजपा सरकार को बर्खास्त करने तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर कांग्रेस और जजपा दोनों दल बुरी तरह से फंस गए हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को संकेत दिए कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है और फ्लोर पर बहुमत साबित करने को तैयार है।

**88 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास 45 विधायक**
इसके साथ ही राज्यपाल ने कांग्रेस से अपने सभी 30 विधायकों के हस्ताक्षरों वाला पत्र देने को कहा है, ताकि राज्यपाल फैसला ले सकें कि उन्हें क्या करना है। हालांकि कांग्रेस ने राजभवन से अभी इस तरह के निर्देश जारी होने की पुष्टि नहीं की है। 88 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 45 विधायकों का समर्थन हासिल है, जबकि जजपा व कांग्रेस अपनी पार्टी के सभी विधायकों व एक इनेलो व एक निर्दलीय विधायक को जोड़ते हुए भाजपा सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर रहे हैं।

**पेंच फंसा**

**मनोहर लाल ने संकेत दिए कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है**

**कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का किया दावाः**
पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी राजनीतिक अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जजपा को वैसे तो भाजपा द्वारा बहुमत साबित करने की मांग नहीं करनी चाहिए थी, लेकिन जब उन्होंने कर ही दी तो हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जजपा पूरी तरह से फूट का शिकार है। उसके छह विधायक हमारे संपर्क में हैं। जो फ्लोर पर भाजपा का साथ देंगे। इसी तरह, कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का दावा किया है, जो कि ठीक नहीं है। कांग्रेस के भी पांच से छह विधायक हमारे संपर्क में हैं, जो सरकार को अस्थिर करने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं। मनोहर लाल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से राज्यपाल को दिया गया पत्र कोई अधिकृत पत्र नहीं है।

# सीएए लागू नहीं होने देंगेः ममता



**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तर 24 परगनाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य का दौरा कर रहे हैं। रविवार को मोदी ने बंगाल में चार जनसभाएं की। इस दौरान उन्होंने बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और पांच गारंटी की बात कही जिनमें धर्म के आधार पर आरक्षण का न होना, रामनवमी का पालन और सीएए का कार्यान्वयन शामिल है। वहीं, आमडांगा में तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएए पर तंज कसते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मतुआ पहले से ही नागरिक हैं। आपने उनका वोट लिया है। शर्म कीजिए। याद रखें, यदि आप मतुआ को हाथ लगाएंगे तो आप मुझे भी हाथ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मैं यहां सभा की तैयारी कर रही थी, तब प्रधानमंत्री ने बैरकपुर के भाटपाड़ा में जनसभा को संबोधित किया। मैंने सुना है कि उन्होंने मोदी गारंटी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि सीएए लागू होगा, इसे कोई नहीं रोक सकता। मैं कहती हूं, मतुआओं के लिए कोई सीएए नहीं होगा। याद रखें, वे नागरिक हैं, उनके वोटों ने आपको जिताया है। अगर आपको नागरिकता देनी है तो बिना शर्त दें। मोदी ने कहा था कि अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण (कोटा) होगा न कि धर्म के आधार पर।

**विरोध**

**मतुआ पहले से ही नागरिक हैं। याद रखें, यदि आप मतुआ को हाथ लगाएंगे तो आप मुझे भी हाथ लगाएंगे**

# मां से झगड़ा होने पर गला दबाकर की थी पत्नी की हत्या

पर्दाफाश

▶▶ स्टाफ क्वार्टर की पानी की टंकी में मिले महिला पूनम के शव के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया




**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के स्टाफ क्वार्टर की पानी की टंकी में मिले महिला पूनम के शव के मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। महिला की हत्या उसके ही पति कपिल ने की थी। महिला का पति की मां यानी सास से झगड़ा हो गया था। इससे नाराज होकर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। हत्या में आरोपित की मां भी बराबर की हिस्सेदार है। कपिल ने जब पत्नी पूनम का गला दबाया तो आरोपित की मां ने उसके पैर दोनों हाथों से पकड़ लिए थे जिससे कि वह विरोध न कर पाए। पूनम कपिल की दूसरी पत्नी थी। बिना तलाक के उसने दूसरी शादी की थी। दोनों वर्ष 2015 से साथ रह रहे थे।

**राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चालक था कपिलः** ईकोटेक एक कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि छह मई को पानी की टंकी में महिला पूनम यादव का शव मिला था। जांच करने पर पता चला कि पूनम की हत्या उसके दूसरे पति अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव उत्तमगढ़ी के रहने वाले कपिल ने की है। कपिल राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में चालक था। पूनम बलिया के थाना चितबड़ा के गांव कोडरा की रहने वाली थी। घटना वाली रात कपिल व उसकी मां सुमित्रा खाना खा रहे थे। तभी खाना में कपिल की मां ने कमी निकाल दी उसने कहा कि स्वाद नहीं आ रहा है। इस बात पर सुमित्रा व पूनम का झगड़ा शुरू हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि कपिल ने पहले पूनम को डंडे से पीटा और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। स्टाफ क्वार्टर में हत्या करने के बाद शव को सीमेंट की पानी की टंकी में फेंक दिया, जिससे कि तुरंत घटना का पता न चल सके।

**आधार कार्ड से गुमराह करने का प्रयासः** आरोपित ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पानी की टंकी में आरोपित ने पहली पत्नी कौशल का आधार कार्ड फेंक दिया था जिससे कि पुलिस यह समझे कि कौशल की हत्या हुई है। पुलिस जब आधार कार्ड पर अंकित पते के अनुसार कासगंज पहुंची तब पता चला कि कौशल जिंदा है। उसके बाद पुलिस ने अन्य स्त्रोत से पता किया कि शव किसका है तब पता चला कि कपिल दूसरी पत्नी पूनम के साथ रह रहा था।

**पहली पत्नी अलग रह रही थी:** कासगंज के दरियागंज गांव की रहने वाली कौशल कपिल की पहली पत्नी है। आए दिन होने वाले झगड़े व कपिल के अन्य महिला से संबंध का पता चलने पर कौशल अपने मायके कासगंज में जाकर रहने लगी थी।

## आप ने निकाली साइकिल रैली, जनता से की वोट की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी छात्र** युवा संघर्ष समिति ने राउज एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय से जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत साइकिल रैली निकाली और भाजपा के खिलाफ वोट की अपील की। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय और नई दिल्ली लोकसभा से आईएनडीआईए के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने यहां युवाओं का हौसला बढ़ाया। गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी विभिन्न तरीकों से भाजपा के खिलाफ जनता के बीच जा रही है। भाजपा के खिलाफ पहले हम लोगों ने वॉकाथॉन के माध्यम से जनता के बीच अपने प्रचार अभियान को आगे बढ़ाया ।

# दोस्तों को भेजी पत्नी की अंडरगारमेंट की फोटो

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** कवि नगर थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि ससुराल में नॉनवेज खाने के लिए उस पर दबाव डाला गया। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो पति ने बेडरूम का वीडियो अपने रिश्ते की बहन को दिखाया। विवाहिता ने दोस्तों को अंडरगारमेंट की फोटो खींचकर वायरल करने का आरोप भी लगाया है।

**दिसंबर 2023 में हुई थी शादी:** कविनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती की शादी बीते वर्ष दिसंबर में हुई थी। शादी के बाद वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ससुराल में रहने लगीं। शादी में उनके पिता ने करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे और टाटा नेक्सन कार भी भेंट की थी। महिला का आरोप है कि कुछ दिन बाद ही उनके ससुरालियों ने टोयोटा फार्च्यूनर कार के लिए कहना शुरू कर दिया। युवती का आरोप है कि उनकी ससुराल में नॉनवेज खाते हैं, लेकिन वह नॉनवेज नहीं खाती।



**रिश्ते की बहन को दिखाया बेडरूम का वीडियोः** पति ने उन्हें भी नॉनवेज खाने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। मना करने पर पति ने उनके साथ कई बार मारपीट की और शराब के नशे में अपनी रिश्ते की बहन को वीडियो कॉल कर बेडरूम में उनकी नग्न अवस्था की लाइव वीडियो दिखाया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि कई बार उनके अंडरगारमेंट के फोटो खींचकर उनके दोस्तों को फोटो भेजे।

शर्मनाक

▶▶ कवि नगर थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है

**घर में लगवा दिए सीसीटीवी कैमरेः** विवाहिता ने जब अपने स्वजन को इसकी जानकारी दी तो उन्हें फोन से बात करने से रोकने के लिए घर में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि उन्हें परिवार के सभी सदस्य नॉनवेज खाने के लिए प्रताड़ित करते हैं। मना करने पर कैमरे बंद कर उनके साथ मारपीट की जाती है। विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से कर केस दर्ज कराया है।

# दिल्ली के चिड़ियाघर में चलेगा इंटर्नशिप प्रोग्राम, छात्रों को मिलेगा मौका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जीव-जंतु, पेड़-पौधे में रूचि रखने वाले, इनकी प्रजातियों का संरक्षण करने और चिड़ियाघर प्रबंधन सीखने के लिए राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करेगा। जो छात्र मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से स्नातक और स्नातकोत्तर कर रहे हैं या पूरा कर चुके हैं, उन्हें चिड़ियाघर से इंटर्नशिप करने का विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा।चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि ये पहली बार होगा कि दिल्ली चिड़ियाघर में इस तरह का




कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत से विद्यार्थी जीव-जंतु, पेड़-पौधों के क्षेत्र में शोध पर भी काम करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए शोध से संबंधित विशेष कार्यक्रम शुरू करने की योजना है। ताकि वो यहां आकर कुछ नया सीखें।

**कितने दिन की होगी इंटर्नशिपः** उनके मुताबिक इंटर्नशिप 30 दिन से तीन माह तक की हो सकती है। वहीं, इसमें जानवरों के व्यावहारिक अध्ययन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं का आर्थिक मूल्यांकन, आगंतुकों का सर्वेक्षण, जैव विविधता, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर अध्ययन समेत अन्य विषयों को शामिल करने की योजना है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही इसकी विस्तृत योजना तैयार कर साझा किया जाएगा।

**स्वयंसेवक योजना की होगी शुरूआत :** निदेशक ने बताया कि बहुत से ऐसे आगंतुक है जो चिड़ियाघर में अक्सर आते हैं। ऐसे में उनको चिड़ियाघर से जोड़ने के लिए स्वयंसेवक योजना शुरू की जाएगी। जिससे जुड़ कर आगंतुक चिड़ियाघर में आकर कुछ सीख सकेंगे और अपना योगदान दे सकेंगे। वहीं, स्कूली विद्यार्थियों के लिए चिड़ियाघर में ग्रीष्म शिविर भी लगाया जाएगा। ताकि वो यहां आकर खूब मस्ती कर सकें और जानवरों के बीच कुछ पल बिताकर गर्मी की छुट्टियों को यादगार बना सकें।

**जानवरों के कल्याण के लिए पंजीकृत सोसाइटीः** वन्यजीवों के संरक्षण और उनकी देखभाल के लिए चिड़ियाघर में जानवरों को गोद लेने की योजना चल रही है। इसके तहत पशु प्रेमी छोटे से लेकर बड़े जानवरों को एक वर्ष तक के लिए गोद ले सकते हैं। इनके एक वर्ष का खानपान और रखरखाव का खर्च गोद लेने वाले लोगों को उठाना होता है।

# युवक से शारीरिक संबंध बनाने के बाद हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र में आठ मई को नग्न अवस्था मे मिले राज मिस्त्री सकेन्द्र हत्याकांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में दिल्ली के ब्रह्मपुरी निवासी फईम को गिरफ्तार किया है पुलिस का कहना है कि सकेन्द्र की हत्या दो मई को दोपहर की गई थी।

**दोनों के बीच दो बार बने शारीरिक संबंध :** सकेन्द्र और फईम की मुलाकात डेटिंग एप के जरिये हुई थी। फईम भी कामगार है। अंकुर विहार के डीएलएफ में सकेन्द्र ने अपनी परिचित के खाली फ्लैट में फईम को मिलने के लिए बुलाया। दोनों के बीच दो बार शारीरिक संबंध बने। इसके बाद सकेन्द्र ने दरवाजा लाक कर फईम को बताया कि उसने वीडियो बना ली है। इसलिए भविष्य में उसके साथ फईम को रहना होगा।

खुलासा

▶▶ पुलिस ने हत्या के आरोप में दिल्ली के ब्रह्मपुरी निवासी फईम को गिरफ्तार किया है

# डीएमई पर जाने वालों को गाजियाबाद के विजयनगर में मिला एग्जिट प्वाइंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** दिल्ली से डीएमई पर आने वाले वाहनों के अब गाजियाबाद में प्रवेश के लिए डासना तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वाहनों को अब विजयनगर में ही एग्जिट प्वाइंट मिल गया है। विजयनगर में एग्जिट प्वाइंट बनकर तैयार हो गया है। इसे वाहनों के लिए अगले एक-दो दिन में खोल दिया जाएगा। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक धीरज कुमार ने इसकी पुष्टि की है कि एग्जिट प्वाइंट बनकर तैयार हो गया है। सोमवार या मंगलवार को इसे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

इससे पहले 27 अप्रैल को एनएचएआइ ने क्रॉसिंग रिपब्लिक से थोड़ा आगे डीएमई पर बनाये गये एंट्री प्वाइंट को यातायात के लिए खोल दिया है। इससे गाजियाबाद और नोएडा एक्सटेंशन के लोगों को बड़ी राहत मिल गई है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एंट्री और एग्जिट प्वाइंट बनाने का काम पांच जनवरी को शुरू किया गया था।



**दिल्ली आने-जाने लगेगा कम समयः** इस कार्य पर साढ़े नौ करोड़ रुपये खर्च किये गए हैं। एंट्री और एग्जिट प्वाइंट के खुलने से गाजियाबाद और नोएडा एक्सटेंशन में रहने वाले लोगों के दिल्ली आने-जाने के समय में 20 से 30 मिनट की कमी आ गई है। लोगों की दैनिक यात्रा आसान हो गई है। सुबह और शाम को आने-जाने वाले अनेक लोगों को परेशानी होती थी।

**लाखों लोगों को मिलेगा फायदाः** क्रॉसिंग रिपब्लिक से आगे एंट्री और विजयनगर के पास एग्जिट प्वाइंट के खुलने से क्रॉसिंग रिपब्लिक में रहने वाले लोगों को भी फायदा होगा। यहीं नहीं नोएडा एक्सटेंशन, जीटी रोड, साउथ साइड औद्योगिक क्षेत्र और डूंडाहेड़ा समेत करीब एक दर्जन कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों को भी इसका फायदा हुआ है। विजयनगर के पास नया एग्जिट प्वाइंट बनने के साथ ही निकासी मिलते ही ट्रैफिक एनएच-9 होते हुए सीधे एनएच-91 (गाज़ियाबाद-अलीगढ़ हाइवे) पर पहुंच जाएगा। अभी एनएच-91 पर जाने वाला ट्रैफिक दिल्ली से एनएच-9 से ही होकर आता था। इसकी वजह से पीक आवर में जाम लगता है।

## गर्मी से बढ़े जलजनित बीमारियों के मरीज

**गाजियाबाद।** गर्मी के मौसम के साथ ही जलजनित बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। रोजाना 15 से 20 टायफाइड और 35 से 40 मरीजों में जांच के बाद पीलिया की पुष्टि हुई है। शनिवार को एमएमजी अस्पताल में 1,547 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ। इनमें 757 महिलाएं, 518 पुरुष और 272 बच्चे थे। इनमें 427 लोग बुखार से पीड़ित थे। अस्पताल में 1,160 पुराने मरीज भी इलाज कराने पहुंचे। वहीं, संयुक्त अस्पताल में 864 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ था, जबकि 436 पुराने मरीज थे। एमएमजी अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि गर्मी के कारण तनाव, बुखार, पसीना, खांसी, जी मिचलाना, डायरिया और उलटी जैसी समस्याएं हो रही हैं। इसका एक बड़ा कारण दूषित पानी का सेवन है। इस समय लोगों में उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, अस्थमा और हाथ-पैरों की सूजन की परेशानी बढ़ रही है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीबी जिंदल का कहना है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में लोग दूषित पानी पी रहे हैं।

# पुलिस चौकी के सामने कारोबारी से गन प्वॉइंट पर लूट



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** आर्यनगर में फव्वारा चौक के पास शनिवार रात नौ बजे स्पेयर पार्टस कारोबारी को गन प्वॉइंट पर लेकर बदमाश 40 हजार रुपये लूटकर ले गए। घटना पटेल नगर पुलिस चौकी के सामने हुई है। न्यू आर्यनगर निवासी अखिल गोयल का वाक्सवैगन शोरूम के पास रामा ऑटो के नाम से स्पेयर पार्टस की दुकान है। शनिवार रात नौ बजे दुकान बंद कर वह घर जाने की तैयारी कर रहे थे। दुकान के पास ही उन्होंने अपनी ऑल्टो कार खड़ी की हुई थी।

कार में उन्होंने दिनभर की दुकान की बिक्री के करीब 40 हजार रुपये एवं अन्य सामान के साथ बैग रख दिया। दुकान के ताले चेक कर वह जैसे ही कार की तरफ पहुंचे तभी बाइक पर आए दो युवकों ने उन्हें पिस्टल दिखाई और चुपचाप खड़े होने का इशारा किया।

हौसले बुलंद

▶▶ गन प्वॉइंट पर लेकर बदमाश 40 हजार रुपये लूटकर ले गए। घटना पटेल नगर पुलिस चौकी के सामने हुई है

# नोएडा में सड़कों पर दौड़ती दिखी पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर लगी कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडाः** नोएडा में पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर लगी एक कार सड़कों पर दौड़ती नजर आई है। कार का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस ने कार पर लगी नंबर प्लेट के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी है। 18 सेकंड का वीडियो देर रात में बनाया गया है। यूपी16 नंबर की टोयोटा की सफेद रंग की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई है। इसी बीच पीछे से चल रही एक कार में बैठे युवक की नजर उस कार के पीछे एक तरफ पाकिस्तानी झंडे के स्टीकर पर पड़ी। उसने मोबाइल से वीडियो बनाया और सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। एक्स पर पोस्ट इस वीडियो में कहा कि पाकिस्तान का झंडा भारत में अस्वीकार्य है।

**कार मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांगः** वीडियो में यूपी पुलिस को टैग करते हुए कार स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नोएडा जोन के एसीपी द्वितीय ने एक्स पर जवाब दिया कि कोतवाली फेज-वन पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। वहीं एक व्यक्ति ने टिप्पणी करते हुए एक्स पर लिखा है कि अरे भाई कोई पाकिस्तानी टूरिस्ट हो कैब रेंट पर लिया हो और उस पर पाकिस्तान के झंडे का स्टीकर चिपका दिया हो। खैर ये झमेला यूपी पुलिस देखे। हालांकि अभी तक यह किसकी है और कार के पीछे पाकिस्तानी झंडे का स्टीकर किस मंशा से चिपकाया गया है।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### मोदी की लहर से ही कांग्रेस की धड़कन बढ़ गई है: बंतो

**पंचकूला:** अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी की लहर चल रही है। मोदी की लहर से कांग्रेस के नेताओं की धड़कन बढ़ गई है। कांग्रेस के नेता अपनी हार को सामने देख झूठ और भ्रम फैलाने के काम में जुट गए हैं। ये बातें श्रीमती कटारिया ने रविवार को कालका विधानसभा में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। श्रीमती कटारिया हर बूथ और हर घर संपर्क अभियान के तहत भी लोगों से मिली और भाजपा का संकल्प पत्र देकर कमल के फूल पर वोट देने की अपील की। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान बंतो कटारिया का जगह-जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि 25 मई को कमल के फूल पर वोट देकर प्रचंड बहुमत से जीताकर दिल्ली भेजेंगे। अपनी जीत के प्रति आश्वस्त बंतो कटारिया ने मतदाताओं को अधिक से अधिक मत डालने के लिए अपील करते हुए कहा कि मतदाताओं का मिजाज बता रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से देश में कमल खिलेंगे और भाजपा 400 पार का लक्ष्य लोगों के आशीर्वाद से पूरा करेगी। श्रीमती कटारिया ने कहा कि कांग्रेस के राज में सिर्फ भ्रष्टाचार ही चलता था और आज भी कांग्रेस घमंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। बंतो कटारिया ने कहा कि कांग्रेस को देश और प्रदेश की तरक्की से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि मोदी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है, इसलिए देश और प्रदेश की तरक्की तथा विकसित भारत के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। बंतो कटारिया ने कहा कि हरियाणा में न तो कांग्रेस का वजूद है और न ही अन्य दलों का। कांग्रेस यहां पर इंडी गठबंधन के नाम से चुनाव लड़ रही है, लेकिन इनके प्रत्याशी हर जगह बुरी तरह से चुनाव हारेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का 60 साल का शासन भी देश की जनता ने देखा है और नरेन्द्र मोदी का 10 साल का शासन जनता देख रही है और फर्क साफ है। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस इतने वर्षों में नहीं कर पाई, वो काम मोदी सरकार ने 10 वर्षों में कर दिखाए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि देश के सुनहरे भविष्य के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, नगर पालिका के अध्यक्ष कृष्णा लांबा, शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओमप्रकाश देवी नगर, विधानसभा चुनाव प्रभारी विशाल सेठ, विधानसभा चुनाव संयोजक विनोद सवर्णी, मंडल अध्यक्ष नरताराम व भुवनजीत भी मौजूद रहे।

### गुरुग्राम, करनाल और रोहतक में शाह करेंगे रैली

**चंडीगढ़: हरियाणा में भाजपा के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार कई रैलियां करेंगे। प्रधानमंत्री आने वाले दिनों में तीन से चार रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की रैलियों को अगले दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा, जबकि गृहमंत्री अमित शाह की रैलियां फाइनल हो चुकी है। हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। शाह हरियाणा में दो दिन चुनावी माहौल को बदलने का जिम्मा संभालेंगे। 16 मई को गुरुग्राम में अमित शाह की रैली होगी और 17 मई को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पक्ष में करनाल लोकसभा क्षेत्र में होने वाली रैली में शिरकत करेंगे। इसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में भाजपा उम्मीदवार एवं रोहतक से मौजूद सांसद अरविंद शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। बराला ने बताया कि बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी तीन से चार रैलियां होंगी हालांकि अभी इनकी तिथियां निश्चित नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल 13 मई को असंध और 14 मई को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के जुलाना और इसी दिन शाम को बहादुरगढ़ में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा कई बड़े नेता हरियाणा में जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचेंगे। बराला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब तक भाजपा 82 विधानसभा हलकों में विजय संकल्प रैलियां आयोजित कर चुकी हैं। इसके अलावा 19 हजार बूथों पर मतदाताओं के साथ संपर्क किया गया है।

# फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में सरकार

## भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की अल्पमत में आई भाजपा सरकार को बर्खास्त करने तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर कांग्रेस और जजपा दोनों दल बुरी तरह से फंस गए हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को संकेत दिए कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है और फ्लोर पर बहुमत साबित करने को तैयार है।

**88 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास 45 विधायक:** इसके साथ ही राज्यपाल ने कांग्रेस से अपने सभी 30 विधायकों के हस्ताक्षरों वाला पत्र देने को कहा है, ताकि राज्यपाल फैसला ले सकें कि उन्हें क्या करना है। हालांकि कांग्रेस ने राजभवन से अभी इस तरह के निर्देश जारी होने की पुष्टि नहीं की है। 88



सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 45 विधायकों का समर्थन हासिल है, जबकि जजपा व कांग्रेस अपनी पार्टी के सभी विधायकों व एक इनेलो व एक निर्दलीय विधायक को जोड़ते हुए भाजपा सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का किया दावा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी राजनीतिक अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जजपा को वैसे तो भाजपा द्वारा बहुमत साबित करने की मांग नहीं करनी चाहिए थी, लेकिन जब उन्होंने कर ही दी तो हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जजपा पूरी तरह से फूट का शिकार है। उसके छह विधायक हमारे संपर्क में हैं। जो फ्लोर पर भाजपा का साथ देंगे। इसी तरह, कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का दावा किया है, जो कि ठीक नहीं है। कांग्रेस के भी पांच से छह विधायक हमारे संपर्क में हैं, जो सरकार को अस्थिर करने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं।

**बहुमत ...**

**88 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 45 विधायकों का समर्थन हासिल है**

**30 विधायकों के हस्ताक्षर करवाने के बाद राजभवन में दें पत्र-राज्यपाल:** मनोहर लाल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से राज्यपाल को दिया गया पत्र कोई अधिकृत पत्र नहीं है। उस पर हुड्डा के कार्यालय सचिव के हस्ताक्षर हैं, जिनकी कोई महत्ता नहीं है।

वैसे भी राज्यपाल ने कांग्रेस से कह दिया है कि वह अपने 30 विधायकों के हस्ताक्षर करवाने के बाद राजभवन में पत्र दें।

## जनता भाजपा को बदलने के लिए तैयार: नैना चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: जन**नायक जनता पार्टी की लोकसभा उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा के गांव-गांव, शहर-शहर से चली परिवर्तन की आंधी ने भाजपा सरकार की जड़ें हिला दी है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन में न केवल जनता भाजपा को बदलना चाहती है बल्कि भाजपा सरकार के समर्थित विधायक भी उन्हें छोड़-छोड़कर जा रहे है। नैना चौटाला ने कहा कि बदलाव के इस माहौल में जनता का जेजेपी को भरपूर समर्थन मिल रहा है और जेजेपी जनता की उम्मीदों पर पूरा खरा उतरेगी। हिसार शहर और उकलाना हलके के विभिन्न गांवों के जनसंपर्क अभियान के दौरान जेजेपी प्रत्याशी का जोरदार स्वागत हुआ। शहर में उत्तराखंड कुमाऊं सभा ने नैना चौटाला को अपना समर्थन दिया। नैना चौटाला को सुनने के लिए भारी संख्या में महिलाएं पहुंची।

जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा का ग्राफ बिल्कुल नीचे आ गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार आज वेंटिलेटर पर अपनी अंतिम सांस ले रही है। नैना चौटाला ने कहा कि जनता की उम्मीदों को अगर कोई पूरा नहीं करेगा तो उसका यही हश्र होगा। नैना चौटाला कहा कि 15 लाख रुपए खाते में डालने, 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने और ईडी की जब्त राशि जनता में बांटने जैसे जुमले देने वाली पार्टी भाजपा की हकीकत जनता पहचान गई है।

### साइबर पुलिस ने 13 मुकदमों में 24 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** साइबर पुलिस की पुलिस टीम ने तीन से नौ मई तक चलाए गए अभियान के तहत साइबर अपराध के 13 मुकदमों में 24 आरोपी गिरफ्तार कर 12,85,111 रुपए बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में साउथ एक्सटेन्सन नई दिल्ली के आवेश कुमार,उत्तर प्रदेश के लखनऊ के विजयन खंड गोमती नगर के दिव्यांश, उत्तर प्रदेश के लखनऊ विजयन्त खंड मल्लौर का आशीष, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बुद्ध विहार के आदिश, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गांव उचेर पोस्ट गिरघरपुर का वरुण।

## व्हिप विधायकों को पार्टी रुख से बांधे रखेगी: दुष्यंत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जहा तंज कसते हुए कह रहे है कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के विधायक आधे आधे कांग्रेस और भाजपा में बंट जायेंगे तो जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी में किसी तरह की टूट-फूट संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में व्हिप की ताकत से पार्टी का रुख बेहद स्पष्ट होता है। पिछले 13 मार्च को जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया था, तब सभी ने व्हिप की ताकत को देखा था। उन्होंने कहा कि जो सरकार विधायकों का समर्थन खो चुकी है, उस सरकार का फ्लोर टेस्ट होना



जरूरी है। दुष्यंत ने साथ ही कांग्रेस पर दोगली राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि जनता वोट की चोट से कांग्रेस को करारा जवाब देगी। हरियाणा की भाजपा सरकार के अल्पमत में होने की वजह से जजपा के 10 विधायकों का रुख काफी हद तक उसका भविष्य तय करेगा।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हम पूरी तरह से भाजपा सरकार को गिराने के पक्ष में हैं, क्योंकि भाजपा को समर्थन करने वाले विधायकों में से पांच कम हो चुके हैं। ऐसे में जजपा

**दो टूक**

**जननायक जनता पार्टी में किसी तरह की टूट-फूट संभव नहीं है। व्हिप की ताकत से पार्टी का रुख बेहद स्पष्ट होता है**

ने राज्यपाल को पत्र लिखकर फ्लोर टेस्ट कराने की मांग पहले ही कर दी है।

उन्होंने कहा कि जजपा के सभी 10 विधायक व्हिप से बंधे हुए हैं। यदि किसी विधायक को लगता है कि उसका मन कहीं और है तो वह जजपा के विधायक पद को छोड़कर चला जाए। पार्टी में रहकर सभी को अनुशासन की बात करनी होगी।

### सनातन धर्म की रक्षा में ब्राह्मण समाज का बहुत बड़ा योगदान: नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल:भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद नवीन जिन्दल रविवार को कैथल की जिला सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित परशुराम जयंती पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। नवीन जिंदल ने कहा कि देश की संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा में ब्राह्मण समाज का बहुत बड़ा योगदान है। मुगलों ने जब नालंदा में शास्त्र जला दिये,तब अपनी स्मरण शक्ति में हमारे वेद-पुराण का संग्रह कर ब्राह्मण समाज ने सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन्दल परिवार आज जहां पर है, उसमें ब्राह्मण समाज का बड़ा योगदान है। ब्राह्मण समाज का आशीर्वाद सदैव फलीभूत होता है। ईश्वर ने हमें बहुत कुछ दिया है इसलिए हम देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि 25 मई को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर विधायक लीलाराम गुर्जर, पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, पूर्वसांसद जनरल (रि.) डीपी वत्स, जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, विनोद निर्मल, राजू कौशिक, संदीप मौद्गिल, कमलेश शर्मा, सुरेश गर्ग नौच, कर्मवीर शर्मा,कृष्ण बंसल, मनीष कटवाड़, विक्की शर्मा, राजकुमार शर्मा, कविराज शर्मा मौजूद रहे।

## हरियाणा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 95.22 फीसदी छात्र सफल हुए

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। कुल 95.22 फीसदी छात्र पास हुए हैं। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 88.73 प्रतिशत रहा है। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा ।बोर्ड



अध्यक्ष ने बताया कि यह परिणाम रविवार शाम से संबंधित विद्यालयों या संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाउनलोड भी किया जा सकेगा। कोई विद्यालय अगर समय पर परिणाम प्राप्त नहीं करता है तो इसके लिए वह खुद जिम्मेदार होगा।

**परिणाम**

**कुल 95.22 फीसदी छात्र पास हुए हैं। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 88.73 प्रतिशत रहा है**

**राजकीय विद्यालयों का रिजल्ट** :हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 93.19 रही। निजी विद्यालयों की पास प्रतिशतता 97.80 रही है। परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 95.24 रही है, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 95.18 रही है। उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला पंचकुला टॉप और जिला नूंह पायदान पर सबसे नीचे रहा।

इस परीक्षा में 1,37,167 प्रविष्ठ छात्राओं में से 1,32,119 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 96.32 रही, जबकि 1,49,547 छात्रों में से 1,40,896 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 94.22 रही।

## भजनलाल परिवार ने सदैव किसान हितों के लिए संघर्ष किया: भव्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार: आदमपुर** के विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि किसानों के हितों के लिए चौ. भजनलाल परिवार ने सदैव संघर्ष किया है। चाहे कांग्रेस में रहकर भी भू-माफिया की हुड्डा सरकार की नीतियों का विरोध हो या फिर किसान आंदोलन के दौरान भी उन्होंने व कुलदीप बिश्नोई ने किसानों की आवाज उठाने का काम किया था। वे रविवार को भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के समर्थन में आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने हलके के गांव चुली कलां, चुली खुर्द, चुली बागडियान सहित एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान चूली कलां में किसानों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में आने के बाद भी उन्होंने क्षेत्र के किसान हितों के लिए विधानसभा तक आवाज उठाई है। क्षेत्र में किसानों के खालों के कार्य को पूरा करवाने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर नियमों में बदलाव तक करवाया और खाल की ग्रांट मंजूर करवाई। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता सिर्फ किसानों की बात करते हैं, जबकि भजनलाल परिवार ने सदैव किसानों की आवाज बनने का काम किया है। उन्होंने बहुत ही सदभावनापूर्ण तरीके अपनी बात सुनने के लिए किसानों का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात करके चुली कलां में किसानों की समस्या को तुरंत प्रभाव से दूर करने तथा गांव में किसानों के बीच पहुंचने के निर्देश भी दिए। भव्य ने कहा कि आदमपुर और भजनलाल परिवार का 56 वर्षों का आपसी प्यार, भाइचारे और अटूट विश्वास का रिश्ता है। आगामी 25 मई को हलके की जनता भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह को विजयी बनाकर इस रिश्ते को और ज्यादा मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहता है।

### नशा मुक्ति केंद्र में व्यक्ति की संदिग्ध मौत, प्रताडना के आरोप

**जींद:** भिवानी रोड के पास बने सेवा धाम नशा मुक्ति केंद्र में शराब के आदी उपचाराधीन एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने सवाल खड़े किए हैं। रविवार को नागरिक अस्पताल में मृतक के मामा ने आरोप लगाया कि नशा मुक्ति केंद्र संचालकों द्वारा उपचाराधीन भांजे के साथ मारपीट की गई है। जिसक चलते उसके भांजे की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बीजेपी राज में नशे का अवैध कारोबार फैला: सुशील

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर/यमुनानगर:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को रादौर विधानसभा के गांवो के दौरे किए। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा सुबह आठ बजे रादौर से शुरू की। इसके बाद दामला, दौलतपुर, कामी माजरा, रायपुर, मंडौली, कलानौर होते हुए नागल में समाप्त की। इस मौके पर उनके साथ विधायक बिशन लाल सैनी, आदर्शपाल सिंह, ओमप्रकाश गुर्जर, विशाल सैनी, सरदार अमरजीत सिंह, रणधीर सिंह, करमबीर बूटर, विकास सैनी, भीम सिंह राठी, नाथीराम, करनैल सिंह, दिलबाग सिंह, राजबीर सिंह, धर्म



सिंह, सौरव सिंगला, निशु बैरागी, राजपाल और ज्ञानचंद ठेकेदार मौजूद रहे। उन्होंने कहा इस प्रदेश में जितना नशा बीजेपी के राज में फैला उतना कभी नहीं फैला। हर गांव और हर घर तक नशा पहुंच गया है। ओवरडोज की वजह से युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। नेताओं और पुलिस की मिलीभगत के बिना इतने बड़ स्तर पर नशे का कारोबार संभव नहीं है। सरकार ने आज तक जहरीली शराब हुई 50 लोगों की जांच पूरी नहीं होने दी। हरियाणा की अवैध शराब का कारोबार गुजरात और दिल्ली तक जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा

**चुनाव प्रचार**

**किसानों पर अत्याचार करने में बीजेपी ने कोई कसर नहीं छोड़ी : डॉ. सुशील गुप्ता**

के हर गांव में लोग बीजेपी और जेजेपी से नफरत करने लगे हैं। क्योंकि ये देश की संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। संसद में एक सवाल पूछने पर 150 सांसदों को सस्पेंड कर दिया। जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर चार महीने पहले तक कभी किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया था।

## बीजेपी ने जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया: कुमारी

**टीम एक्शन इडिया**

**चंडीगढ़/डबवाली:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की प्रत्याशी कुमारी सैलजा कुमारी सैलजा ने कहा कि आप लोगों ने मुझे चुनाव लड़ने के लिए जो आह्वान किया उसके आधार पर पार्टी ने मुझे यहां से उम्मीदवार घोषित किया है। अब यह चुनाव मेरा अकेली का नहीं बल्कि आप सबका है। आप लोगों ने मेरे पिता जी चौ. दलबीर सिंह व मुझे अब तक जितना प्यार दिया उसके लिए मैं आपकी सदैव आभारी रहूंगी। कुमारी सैलजा ने



कहा कि बीजेपी के 10 साल के कुशासन को खत्म करना है। बीजेपी ने जाति व धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है। इस लिए हमें फिर से भाईचारा कायम करना है। गांव भाईचारे से बसते है न कि बांटने से।

उन्होंने रविवार को डबवाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दौरा कर जनसभाएं करते हुए वोटों के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा बेतुकी बातें करती है काम की बात नहीं करती। कोई काम करवाए हों तो ही काम की बात कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में अंहकार व बौखलाहट नजर आने लगी है। बीजेपी ने अपने शासन में किसी का भी भला नहीं किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गठबंधन के साथ सत्ता में आएगी उसके बाद सभी के लिए लाभकारी योजनाएं लागू की जाएंगी और प्रदेश व देश का विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के पांच न्याय के तहत 25 गारंटियों को लागू किया जाएगा

**साधा निशाना**

**कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन की बहाली को लागू करेंगे: कुमारी सैलजा**

ताकि सभी वर्ग खुशहाल हो सकें और देश एक बार फिर विकास की रफ्तार पकड़ सके। उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में एक लाख रुपए देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जाएगा। सिलेंडर के रेट आधे कर-के महिलाओं को मंहगाई से राहत देने का काम करेंगे । बीजेपी वाले तो महिलाओं के मंगलसूत्र पर टिप्पणियां करके महिलाओं का अपमान कर रहे है। इसी प्रकार आंगनवाडी वर्कर, आशा वर्कर का मानदेय बढ़ाने का काम करेंगे। कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन की बहाली को लागू करेंगे । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एमएसपी को कानून दर्जा देने से पीछे भाग रही है किसानों की अनदेखी की गई जा रहा है।

## रतिया में युवक की गला काटकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

फतेहाबाद: जिले के रतिया क्षेत्र के साथ लगते गांव रत्ताखेड़ा में रविवार तडके एक युवक का बेरहमी से तेजधार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। युवक का शव गांव के रजबाहा के पास सुनसान जगह पर पड़ा मिला। सूचना पाकर रतिया एसएचओ जय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि हत्या किसने और क्यों की है। मिली जानकारी के अनुसार गांव रत्ताखेड़ा से तामसपुरा की तरफ जाने वाले रजबाहा के पास शमशेर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र आकाश की कापों से गले पर वार कर हत्या कर दी गई।



कापे के वार से गर्दन आधी कट चुकी है। रविवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे गांव के ही लोगों ने रजबाहा नहर पुल के पास मृतक के शव को लहुलुहान हालत में पड़ा देखा तो गांव में हडकंप मच गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक के शव के पास कापा भी पड़ा था और गला बुरी तरह काटा हुआ था। मृतक युवक आकाश बीए में पढ़ता था और अविवाहित था। युवक की हत्या किसने और क्यों की है, इसको लेकर रतिया पुलिस अभी जांच पड़ताल में जुटी हुई है। रतिया थाना थाना जय सिंह ने बताया है कि मामला रतिया क्षेत्र से लगते गांव रत्ताखेड़ा का है।

## न्यूज फ्लैश

### गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने दसवीं परीक्षा परिणाम में फिर लहराया परचम



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जौरासी रोड गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार होने पर खासकर छात्राएं खुशी से झूम उठीं। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने परीक्षा परिणाम शानदार होने पर स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी।

प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बताया कि स्कूल की छात्रा एनी ने 491 अंक 98 .2 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया, छात्रा मुश्कान, वंशिका ने 484अंक 96 .8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व छात्रा मानषी ने 482अंक 96 .4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शिखा 96 .2 प्रतिशत, सृष्टि 95 .2 प्रतिशत, पायल 94 .8 प्रतिशत, निधि,शिवानी 94 .4 प्रतिशत, महक,प्रियंका,सौरभ 93 प्रतिशत, अंक हासिल कर पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राचार्य जितेंद्र उत्तम व उप-प्राचार्य रमेश वत्स ने बताया कि दसवीं कक्षा में 41 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी जिसमें 30 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में नाम दर्ज कर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए अध्यापक व बच्चे बधाई के पात्र हैं। उनके अथक प्रयासों से यह सब सार्थक हुआ। गीता स्कूल की यही पहचान उत्तम शिक्षा उत्तम ज्ञान । इस मौके पर विवेक शर्मा, राहुल, रवि शास्त्री, रविंद्र, अनिष,सोहनलाल आदि अध्यापक मौजूद रहे।

### माध्यमिक विद्यालय गुमथलागढ़ू का दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** :हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने माध्यमिक ( 10वीं ) परीक्षा परिणाम घोषित किया ।जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुमथला गढ़ू ( 2397 ) कुरुक्षेत्र का परिणाम 98 .85% रहा जोकि एक सराहनीय उपलब्धि है ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामराज शर्मा ने बताया कि विद्यालय में कुल 87 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 86 बच्चे उत्तीर्ण रहे ।20 बच्चों ने मैरिट हासिल की। महक सुपुत्री नरेश ने 479 अंकों के साथ प्रथम स्थान, रेनू सुपुत्री जसमेर ने 439 अंकों के साथ द्वितीय तथा लवप्रीत कौर सुपुत्री प्रीतम सिंह ने 429 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे छात्रों ने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ परिणामों में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सफलता का सफर उन्होंने अनवरत प्रयास के साथ तय किया है ।इस अवसर पर सभी अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सब डिवीजन में नेशनल लोक अदालत आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कंचन माही माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला की अध्यक्षता में जिला न्यायलय, अम्बाला व सब डवीजन, नारायणगढ़ में नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवम सचिव, ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला परवीन ने बताया कि लोक अदालत के मद्देनजर उपयुक्त इंतजाम किए गए थे। सभी लोगों ने जो जो लोक अदालत में आये उन्होंने ने अपने कैस न्यायालय के सामने रखे। इस लोक अदालत में कुल सात बेंच लगाए गए थे जिसमें सभी प्रकार के केस जिसमें खास कर के चेक सम्बंधित केस, पारिवारिक मसलों के केस, आपराधिक किस्म के केस, वाहन मोटर अधिनियम के केस, चालान, फौजदारी, व दीवानी मुकदमें रखे गए। इस लोक अदालत में जिला

**निपटारा**

**लोक अदालत का आयोजन किया गया। कुल 24184 मुकदमें रखे गए और 12619 मुकदमों का निपटारा हुआ**

अम्बाला व सब डवीजन नारायणगढ की 7 अदालतों में स्पेशल बेंच बनाकर लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24184 मुकदमें रखे गए और 12619 मुकदमों का निपटारा हुआ। मोटर यातायात दुर्घटना के मुकदमों में रूपए 1,21,90,000/- की धनराशि का निपटारा हुआ।

परवीन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 808 केस रखे गए जिनमें से 658 केसों का निपटारा हुआ, अपराधिक किस्म के 724 केस रखे गए जिनमें से 341 केसों का निपटारा हुआ, इलेक्ट्रिसिटी के 401 केस रखे गए




जिनमें से 241 केसों का निपटारा हुआ, लेबर के 8 केस रखे गए जिनमें से 5 केसों का निपटारा हुआ, मोटर वाहन दुर्घटना के 78 केस रखे गए जिनमें से 23 केसों का निपटारा हुआ, वैवाहिक किस्म के 356 केस रखे गए जिनमें से 146 केसों का निपटारा हुआ, चेक बाउंस के 1802 केस रखे गए जिनमें से 582 केसों का निपटारा हुआ, अन्य दीवानी किस्म के 3157 केस रखे गए जिनमें से 444 केसों का निपटारा हुआ, रेवेन्यू किस्म के 3284 केस रखे गए जिनमें से 3149 केसों का निपटारा हुआ वा अन्य किस्म के 13566 केस रखे गए जिनमें से 7030 केसों का निपटारा हुआ। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला के सौजन्य से राष्ट्रीय लोक अदालत में एक एग्जिबिशन का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को विभिन्न ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी दी। श्री परवीन ने लोगों से अपील की, कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें वा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। लोक अदालत के मद्देनजर लोगों को एक जल्दी न्याय की उम्मीद थी जो की लोगों को इस लोक अदालत के माध्यम से दिया गया। इस लोक अदालत में लोग काफी खुश नजर आये तथा उन्होंने ये आग्रह किया की लोक अदालत को हर महीने चलाया जाये ताकि न्यायालयों में पड़े मुकदमों का जल्दी से जल्दी निपटान किया जा सके। परवीन, सी जे एम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला ने यह भी बताया कि सुश्री कंचन माही, जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के मार्गदर्शन में माह में 2 बार जेल लोक अदालत का आयोजन पहले एवं तीसरे बुधवार को किया जाता है। इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में लगाकार निपटाए जा सकते हैं। स्थायी लोक अदालत, जिला ए डी आर सेंटर, अम्बाला में स्थापित है और किसी भी कार्यदिवस पर इसके मुकदमें लगा सकते है। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

## साइबर अपराधों के बारे में जानकारी जरुरी: भोरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आमजन को साईबर अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है । पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है । पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है।

## आशादीप के नाम एक और कीर्तिमान

**खुशी**

**विद्यार्थियों ने 71 में से 67 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त कर एक और नया कीर्तिमान स्थापित**



**टीम एक्श्नन इंडिया**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** हरियाणा विधालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम- में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुऐ आशा दीप आदर्श हाई स्कूल करहसं के विद्यार्थियों ने 71 में से 67 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त कर एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विधालय के 71 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी जिसमें शत प्रतिशत परिणाम के अलावा विद्यालय की छात्रा पायल ने 500 में से 494 अंक प्राप्त कर जिला स्तर की टाप टैन सुची में नाम दर्ज करवाकर आशादीप स्कूल के स्वर्णिम इतिहास को फिर से दोहराया है। इस के अतिरिक्त छात्रा रेगुका ने 492 अक , अजनि ने 489 अंक, नैन्सी एवं अजंली ने संयुक्त रूप से 487, जानवी एव हर्ष ने 486 अंक , अजली गाहत्यान 485, अजंली 484, हर्षिता 482, भूमिका ने 481 अंक प्राप्त कर विद्यालय के गोरव को बढाया है। खुशी के इन पलों को साझा करते हुऐ विद्यालय की मुख्याध्यापिका मजू मेहता ने छात्रों की शानदार सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुऐ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रबन्धक समिती विरेन्द्र सहरावत व विधालय के कर्मठ अध्यापकों उनके माता-पिता को दिया।

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में उत्साह से मनाया मातृ दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मातृ दिवस मुरलीधर डी.ए. वी.पब्लिक स्कूल सीनियर व जूनियर विंग में बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। पहले 7 मई को मातृ दिवस के उपलक्ष्य मे छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गई। जिसके माध्यम से उन्होंने अपनी माँ के प्रति प्रेम प्रदर्शित किया। कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने ज्वेलरी बॉक्स बनाया। कक्षा पांचवी से आठवीं के छात्रों ने फोटो फ्रेम प्रतियोगिता में भाग लिया और माँ की फोटो लगाई। कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों ने अपनी माता के लिए ज्वेलरी बनाई। सभी छात्रों ने प्रतियोगिताओं मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 11 मई को मातृ दिवस का कार्यक्रम माननीय प्रधानाचार्य डॉ राधा रमन सूरी के भाषण से शुभारंभ किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि मां की ममता और पिता के अनुशासन से किसी भी व्यक्ति को जीवन में सफल बनाया जा

**मातृ दिवस**

**पहले 7 मई को मातृ दिवस के उपलक्ष्य मे छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गई**

सकता है। बच्चों ने माता के सम्मान में कविताएं , गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। स्कूल के द्वारा माताओं लिए भी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें माताओं ने रैंप वॉक ,नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। जिसमें विजेता माताओं को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। जूनियर विंग की अध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुति की गई।

स्कूल द्वारा माताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। यह सारा कार्यक्रम स्कूल के कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुदेश शर्मा, अमिता और वंदना के मार्गदर्शन में करवाया गया। सब ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

## महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल का दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक बार फिर शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 27 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत तथा 08 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर इतिहास रचा?। अन्य सभी छात्राएं भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। राठोर ने बताया कि माही 486 अंक प्राप्त कर



प्रथम, खुशबू 485 अंको से द्वितीय तथा चारू व रक्तिमा प्रत्येक 472 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। अंकिता पंजाबी मे शत प्रतिशत अर्थात 100, माही अंग्रेजी में 99, चारू व खुशबू प्रत्येक हिंदी में 98, तथा कंचन ने संगीत में 98 अंक हासिल कर के कीर्तिमान स्थापित किया ।विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्टाफ व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा,रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, ? सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा , मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंदु , पिंकी रानी,सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**इतिहास रचा**

**कुल 27 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत तथा 08 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर इतिहास रचा।**

## गुरुकुल आर्यनगर विद्यापीठ की दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार :** गुरुकुल आर्यनगर संस्कृत विद्यापीठ के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम से विद्यार्थी व गुरुकुल से जुड़े गुरुजन, सभी पदाधिकारी व सदस्यगण प्रसन्नचित हैं। गुरुकुल आर्यनगर के महामंत्री लालबहादुर खोवाल ने बताया कि यह गुरुकुल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध है। विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुकुल आर्यनगर संस्कृत के अध्ययन एवं अध्यापन के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे गुरुकुल में एक छात्र द्वारा अंग्रेजी विषय में 91 अंक प्राप्त करना अपने आप



में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एडवोकेट लालबहादुर खोवाल ने बताया कि गुरुकुल में विद्यार्थियों को संस्कृत में तो पारंगत किया ही जाता है, इसके साथ-साथ अंग्रेजी, विज्ञान, गणित व कंप्यूटर साइंस की भी समुचित शिक्षा दी जाती है। संस्था के प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सांसद सीकर, मानद कुलपति रामस्वरूप शास्त्री,

कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य, कार्यकारिणी सदस्य कर्नल ओमप्रकाश, दीपक कुमार, शैलेष व रामफल सहित सभी गुरुजनों ने इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की है।.

## पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस

**कुरुक्षेत्र।** पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मातृ दिवस के अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के लिए विभिन्न उपहार बनाएं और स्कूल में बच्चों को मां की ममता, त्याग व दया के बारे में बताया गया।

स्कूल की प्राचार्या दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि बच्चे की सबसे पहली शिक्षिका व गुरू उसकी मॉ होती है। उन्होंने सभी बच्चों से अपनी मां का सम्मान व कहना मानने का आह्वान किया और कहा कि जीवन बनाने में मां का बहुत बड़ा योगदान होता है और इसलिए उन्होंने माताओं को भी अपने जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मतदाता वोट का प्रयोग कर निभाए अपना फर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपना फर्ज अवश्य निभाए। मतदान से पहले मतदाता अपनी मतदाता सूचियों में अपने नाम की पुष्टि अवश्य कर लें।

उन्होंने बताया कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।




वोटर कार्ड या अन्य पहचान पत्र दिखाने पर ही डाल सकता है वोट

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा है कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

**आह्वान**

**लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपना फर्ज अवश्य निभाए: डॉ. शालीन**

**ये हैं वैकल्पिक पहचान पत्र**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं।

इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मॉर्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

## सरकार ने नागरिकों को उपलब्ध करवाई जनसुविधाएं: रणजीत

### शहरवासियों से सीधे मिले और कहा कि हिसारवासी उनके परिवार का हिस्सा हैं और भविष्य में भी ये रिश्ता कायम रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार।** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने रविवार को शहरी क्षेत्र में तूफानी दौरा करके जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान वे शहरवासियों से सीधे मिले और कहा कि हिसारवासी उनके परिवार का हिस्सा हैं और भविष्य में भी ये रिश्ता कायम रहेगा।

रणजीत सिंह ने रविवार को सब्जी मंडी क्षेत्र में जनसभा की और क्षेत्रवासियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बराबर जनसुविधाएं उपलब्ध करवाने पर जोर दिया है। भाजपा सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि देश के हर नागरिक को समान अधिकार व समान



सुविधाएं मिले और इसी नीति पर चलते हुए सरकार ने काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने व्यापारियों व छोटे दुकानदारों के लिए भी लाभकारी नीतियां लागू की है। व्यापारियों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा की भाजपा सरकार ने बीमा योजना लागू की है, ताकि किसी आपदा के समय व्यापारी के नुकसान की भरपाई हो सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे मतदान दिन अपना एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करें ताकि देश को विकसित बनाने में हम अपना योगदान दें सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. कमल गुप्ता एवं पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि शहरवासियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग देने की ठान ली है। हर क्षेत्र की जनता साफ व स्वच्छ छवि के नेता रणजीत सिंह को सांसद बनाने को बेताब है।

**विकसित**

**शहरवासियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग देने की ठान ली है**

कार्यक्रम के दौरान उनके साथ हिसार लोकसभा संयोजक रवि सैनी, प्रवीण पोपली, सुदेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, सुशील बुड़ाकिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य, सुरेन्द्र सैनी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशील खोवाल, पार्षद प्रीतम सैनी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह लांबा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मसिंह खटकड़, सब्जी मंडी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, सातरोड मंडल अध्यक्ष जयवीर पंघाल, पूर्व एमसी दयानंद सैनी, सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान ओमप्रकाश राडा, रवि महता, मौसम, प्रद्युमन जोशीला, संदीप यादव, डॉ. उमेद खन्ना, सुशील, महेंद्र सैनी और सैंकड़ों की संख्या में मंडी व्यापारी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी सुनिश्चित करें मतदाता: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एडीसी एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले अम्बाला लोकसभा चुनाव में मतदाता बढ़-चढकर मतदान करें। लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है, एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है ऐसे में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। एडीसी अपराजिता ने कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है।



यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारा देश युवाओं का देश है, ऐसे में युवा शक्ति को मत की ताकत को पहचान कर अपना मतदान करना चाहिए। एडीसी अपराजिता ने कहा कि चुनाव आयोग मतदातओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अनेक सुविधाएं दे रहा है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता अपना मतदाता पहचान पत्र, डिजिटली डाउनलोड कर सकता है। इसके अतिरिक्त सक्षम एप द्वारा अशक्त मतदाता

**रणनीति**

~~रेलवे स्टेशनों आदि तक पहुंच प्रदान करने वाली सड़कों को (ओडीआर) के रूप में जाना जाता है~~

## न्यूज फ्लैश

### देहरा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** आदर्श पब्लिक वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय, देहरा का 10वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । 10वी कक्षा में इस वर्ष कुल 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 24 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया एवं अन्य सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय में सोनिया ने 458 अंक के साथ प्रथम, एकता ने 448 अंक के साथ द्वितीय और खुशी ने 447 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थी खुशी, संजना, हीना, भारती देवी, समरीन, दीपांशु, अंकित कुमार, जतिन, तुषार, श्रुति, प्रदीप, विशाल, मोहित, देवेंद्र, पाखी आदि ने भी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विषय सूची में अधिकतम अंकों में हिंदी में सोनिया ने 94 अंक, अंग्रेजी में सोनिया ने 93 अंक, विज्ञान में एकता ने 97 अंक, सामाजिक विज्ञान में खुशी ने 93 अंक, गणित में खुशी ने 93 अंक, शारीरिक शिक्षा में सोनिया ने 98 अंक प्राप्त किए। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य सतीश कुमार ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। इस सफलता का श्रेय बच्चों एवं अध्यापकों को देते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ऊषा, सुनील, दिनेश, रेखा, अजय, कनिका, लोकेश, प्रताप, निर्मला आदि अध्यापकगण मौजूद रहें।

### तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से कंपनी से लौट रहा युवक घायल

**गन्नौर। बादशाही रोड** पर कंपनी से डयूटी से वापिस आ रहे मोटरसाईकिल चालक को तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्र इतनी तेज थी कि मोटरसाईकिल चालक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया और कार का पता लगाने की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर में सरस्वती स्कूल के समीप रहने वाले सोनू ने बताया कि वह प्राइवेट दवाई की कंपनी में काम करता है। 8 मई की शाम को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बादशाही रोड से अपने घर जा रहा था । जब वह बादशाही रोड पर बेरी के बाग के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अपनी कार की तेज लाइटों का डीप्पर मारा और अपनी कार की सीधी टक्कर मेरी मोटरसाइकिल में मारी । टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। शिकायत में आरोप है कि कार का चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। मोटरसाईकिल चालक ने पुलिस में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की।

### कुराड़ की छात्रा ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए

**गन्नौर। एच. के. बरिष्ठ** मा. वि. कुराड़ का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने मेधावी छात्रों व उनके शिक्षकों को बधाई दी। कुलदीप सिंह ने बताया कि स्कूल की छात्रा श्रेया 495/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में



प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि छात्र रजत ने 486/500 अंक प्राप्त करके द्वितीय व कार्तिकेय ने 471/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर शिक्षकों ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा करवाया और बधाई दी।

# मोदी के विकसित भारत के विजन को जनता का समर्थन : मनोहर लाल

## घर-घर संपर्क अभियान के तहत मनोहर लाल ने घर-घर जाकर दिया प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रदेश के पूर्व** मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने घर-घर संपर्क अभियान के तहत शनिवार को डोर टू डोर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को जनता का पूरा आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। प्रदेश की जनता उसे पूरा करने में अपना सहयोग देगी और इसके लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। मनोहर लाल ने शनिवार को इसराना विधानसभा के गांव



गवालडा, समालखा विधानसभा के नारायना, पानीपत ग्रामीण के बुडशाम व पानीपत शहर वार्ड नंबर-15 में जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई। जगह-जगह पर लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं और 400 पार के नारे को पूरा करने में साथ देंगे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कहा कि आज यदि भाजपा पर देश भर की जनता अपना विश्वास जता रहीं हैं तो यह पार्टी की एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं बल्कि 10 वर्षों से देश की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। सरकार के कामकाज से जनता खुश है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने माताओं-बहनों को सहायता देने के अनेक प्रयास किए जो केवल आम लोगों के भरोसे और विश्वास के कारण हुए। सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए पक्के मकान गरीबों के लिए बनाने का काम किया। सभी के लिए बिजली, पानी, गैस की समुचित व्यवस्था करवाई गई।

आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई ताकि गरीब लोगों को ईलाज करवाने में दिक्कत न आए। सरकार ने किसानों के हित में अनेकों निर्णय लिए। मातृ वंदना योजना के जरिए महिलाओं को सहायता की गई। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता की भलाई के लिए किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे पहले गरीब तबके के बारे में सोचा और उनके लिए योजनाएं लागू की। यही वजह है कि आज देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बनाया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मंडल अध्यक्ष संजीव दहिया, सरपंच राहुल गुलिया बुडशाम, पूर्व सरपंच राज कुमार, रजनीश, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रफाकत हसन सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने किया डोर टू डोर प्रचार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**

**प्रधान मंत्री मोदी में पूरे देश** में बिना किसी भेदभाव के विकास कराया।विश्व स्तरीय रोड ,एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशन बनाए ।वंदे भारत ट्रेन चला भारत की निर्माण शक्ति को विश्व के सामने रखा। ये शब्द प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने पानीपत ग्रामीण विधान सभा के बूथ संख्या 194 तथा 195 पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समर्थन में में जोरदार डोर टू डोर अभियान चलाते हुए कहे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मोदी ने सबका साथ,सबका विकास सबका विश्वास सबका विश्वास को अपने कार्यों से सार्थक किया । उन्होंने कहा की ने गरीब कल्याण की अनेकों कदम उठाए। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जवला योजना , हर घर नल से जल, जन औषधि केंद्र खोलना तथा आयुष्मान योजना लाकर लोगो को बिमारी के इलाज से चिंता मुक्त किया। डोर टू डोर अभियान के दौरान मिले लोगों के समर्थन पर कहा की मनोहर लाल बड़ी जीत दर्ज करने की और अग्रसर है। मोदी के 400 पार के लक्ष्य में अपना योगदान शानदार तरीके से देने जा रहे है। डोर टू डोर अभियान में उनके साथ शक्ति केंद्र प्रमुख डा राजबीर आर्य,बूथ अध्यक्ष हरबीर जगलाना,अनीता चावला तथा शीला शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 27 छात्र मैरिट में




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: स्वामी चेतना** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भिवानी बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा मोनिका ने 486/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दिव्या (घसौली) आशी (राजलू गढ़ी) ने 484/500 अंक लेकर द्वितीय, दीपिका (गन्नौर)ने 418/500 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। शर्मा ने बताया कि स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करके अपने परिवार व विद्यालय का नाम गन्नौर में गौरवान्वित किया। उक्त छात्रों के अलावा अन्य सभी विद्यार्थी प्रथम डिविजन में पास हुए। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व डिपंल शर्मा ने बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के मेहनती शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है। हर साल स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है।

## अद्वैत वेदांत दर्शन वास्तविक रूप में विश्व दर्शन: मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :वेदोक्त सनातन,** शाश्वत जीवन दर्शन एवं धर्म के आचार्यों में भगवान श्रीआदिगुरु शंकराचार्य का स्थान निश्चित रूप से सर्वोपरि है। उनके द्वारा प्रदत्त उदार जीवन दर्शन एवं उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों से, विविध विघटित संप्रदायों को सत्य के एक सूत्र में पिरोया गया था। आदिगुरु शंकराचार्य को हम भगवान के अवतार की तरह इसलिए स्वीकार करते है, क्योंकि जो महान कार्य उन्होंने अत्यंत लगभग बत्तीस वर्ष की अल्पायु में किये वह एक साधारण मानव के लिए असंभव प्रतीत होते है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में




व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा प्रदत्त अद्वैत वेदांत के मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्या और सनातन वैदिक धर्म के प्रचारक थे। हिन्दू सनातन वैदिक मान्यता के अनुसार इनको भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। शंकराचार्य ने लगभग अखंड भारत की सम्पूर्ण यात्रा कर चारो दिशाओ में चार पीठों की स्थापना कर भारत को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से

**वैदिक**

**आदिगुरु शंकराचार्य को हम भगवान के अवतार की तरह इसलिए स्वीकार करते है**

एकता एवं अखंडता की दृष्टि से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास किया। उनके द्वारा स्थापित चारों पीठे वर्तमान भारत में जो आज भी मौजूद है। आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा प्रणीत अद्वैत वेदांत दर्शन वास्तविक रूप में विश्व दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है। कार्यक्रम का समापन लोक मंगल की कामना के साथ शांति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य, विद्यार्थी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए स्वीप गतिविधियों का होना जरूरी: वैशाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिला** में मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन व एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के सौजन्य से स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से वॉकथॉन आयोजित की गई। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वॉकथॉन के माध्यम से जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। वॉकथॉन के आइडिया को काफी पसंद किया जा रहा है। इस इवेंट में भागीदारी बनने वाले



अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जिला में मतदाता जागरूकता के अनेक प्रयास जारी है। वॉकथॉन एक यूनिक आइडिया है और इस इवेंट को लेकर उत्साह भी नजर आ रहा है। उन्होंने कहा की कुरुक्षेत्र में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इन चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लक्ष्य पर विशेष कार्य जारी है। एडीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉकथॉन भी अपने आप में एक बड़ा इवेंट है, जहां पर कम्युनिटी मोबलाइजिंग के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर एडीसी ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वॉकथॉन द्रोणाचार्य स्टेडियम से शुरू हुई और अग्रसेन चौक से सेक्टर 13 होते हुए द्रोणाचार्य स्टेडियम वापिस पहुंची। इस वॉकथॉन में कुरुक्षेत्र के एक्टिव वॉकिंग ग्रुप्स, विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मीडिया के सहयोग से करीब तीन किलोमीटर लंबी वॉकथॉन में सैकड़ों प्रतिभागियों की भागीदारी रही। इस इवेंट में प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ भी एडीसी ने दिलवाई।कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करतार सिंह धीमान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलसचिव प्रोफेसर संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, भीम अवार्डी पंकज हुड्डा, अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी नैन्सी ने शिरकत की। इस इवेंट में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर एक नाटक का मंचन भी किया गया, इसके अलावा यश ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता पर ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता पर गीतों और रागनियों के माध्यम से गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम मे आयोजकों द्वारा अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया।

## डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने समारोह में पहुंचकर परिजनों को दी बधाई



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**बीते** माह 16 अप्रैल को देश में यूपीएससी परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें पानीपत जिले के सींक गांव व हाल निवासी शांति नगर के जसवंत मलिक ने 115 वां रैंक हासिल किया। जसवंत मलिक वर्तमान में हरियाणा में एचसीएस के पद पर ट्रेनिंग कर रहे है। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 115 वां रैंक हासिल कर जिले का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया पहुंचे। डीसी ने जसवंत मलिक को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें व परिवारजनों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जसवंत मलिक जैसे होनहार से समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा भी मिलेगी और उनको नई ऊर्जा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जसवंत मलिक की इस उपलब्धि पर बहुत बड़ा गर्व है और इनके माताझपिता के लिए इससे बड़े सम्मान की बात क्या हो सकती है, जिनके बेटे ने यह मुकाम हासिल किया है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पर पूरा फोकस करना चाहिए,ताकि वे पढ़ - लिख कर समाज को सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का काम कर सकें।

## बद्रीनाथ कपाट खुलते ही सबसे पहले दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ: नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व अखिल भारतीय संत समिति उत्तराखंड के महामंत्री मंहत संत अरूण दास जी व उनकी पूरी टीम के साथ इस वर्ष के सबसे पहले श्री बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम के कपाट खुलते ही दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान मंहत अरूणदास जी महाराज ने बताया



कि विश्व स्तर पर बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम की की बहुत ही मान्यता है,दुनिया भर से लोग दर्शन करने के लिए कतार में लखे रहते है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम भी सभी मंदिरों को डिजिटल रूप में काम कर रहे है ताकि आने वाली पीढ़ी जो विदेशों में बैठी है जो हमारे भगवानों व पूर्वजों के इतिहास से दूर होती जा रही है उन सभी को इतिहास जागरूक करने के लिए डिजिटल रूप में सभी मंदिरों को जोड़ रहे है।

## बिजली समस्या का समाधान करवाकर जाम खुलवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर में तेज** आंधी से खम्भे एवं तारों के टूटने के कारण बिजली का भारी संकट पैदा हो गया। दो दिन से बिजली ना होने के कारण पेयजल का भी भारी संकट गहरा गया। बिजली वितरण निगम के अधिकारियों द्वारा सुनवाई ना किये जाने से गुस्साए चिंतपूर्णी कॉलोनी वासियों ने जानकी दास स्कूल के पास जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन निगम पार्षद



सुरेंद्र मदान के साथ पंहुचकर बिजली निगम के कनिष्ट अभियंता राहुल तथा पुलिस ने समस्या का समाधान करवाकर जाम खुलवाया। तेज आंधी एवं तूफान के कारण जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ तारों पर झुक गए जिसके कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाने से लाइट बंद हो जाती है। कॉलोनी वासियों ने कई बार अधिकारियों को फोन किये परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ों की छंटाई करवा दी जाएगी। राजीव जैन ने बताया कि जिन जिन कालोनियों में पेयजल का संकट पैदा हो गया है उन कालोनियों में टेंकरों के माध्यम से पेयजल उमलब्ध करवाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि प्रभु नगर मंडी, सिक्का कॉलोनी, तारा नगर, राजेंद्र नगर, जनता कॉलोनी, दहिया कॉलोनी, फाजिलपुर, गढ़ी ब्राह्मणं, मयूर विहार समेत एक दर्जन से ज्यादा कालोनियों में पेयजल संकट गहराया हुआ है।

## किसान नेताओं ने की नैना चौटाला के किसानों को लेकर दिये गये बयान की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत जिला के किसान** नेताओं ने हिसार लोकसभा से जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला द्वारा उचाना हलके के गांव में किसानों को लेकर गत दिवस दिये गये ब्यान कि किसान नेता बहू बेटियों का अपमान करते है, की रविवार को पानीपत किसान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कडे शब्दों में निंदा की गई है। पानीपत किसान भवन के प्रधान सुरजभान रावल, भाकियू के पूर्व जिला प्रधान जयकरण कादियान व चूहड सिंह रावल ने संयुक्त रूप कहा कि जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले को रोक कर जिस तरह से बदसलूकी की गई है, उसकी सभी किसान नेता निंदा करते



है और प्रजातंत्र के अंदर सभी को अपनी बात रखने का हक है। किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को गांव में आकर वोट मांगने का हक एवं अधिकार है पर नैना चौटाला द्वारा इस घटना को जिस तरह से लेकर किसानों को बदनाम करनेकी कौशिश की जा रही है, वह सरासर गलत है। किसानों को बदनाम कर-के नैना चौटाला सहानुभूति के आधार पर लोगों के वोट लेना चाहती है पर उनके ऐसे मंसुबे कभी पूरे नहीं होगे। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों ने तो सदैव महिलाओं व बहन, बेटियों का सम्मान किया है और किसान तो कभी महिलाओं के अपमान करने की बात को सोच भी नहीं सकते। दिल्ली में धरने पर बैठी महिला पहलवानों से जब बदसलूकी की गई तब भी हरियाणा के किसान उनके साथ खडे थे। लेकिन उस समय नैना चौटाला तो सतारूढ पार्टी की विधायक थी और उनका बेटा दुष्यंत चौटाला हरियाणा सरकार में डिप्टी सीएम था, तब नैना चौटाला को उन पहलवान बेटियों के सम्मान की बात याद नहीं आई। किसान नेताओं ने कहा कि अनेक स्थानों पर भाजपा व जजपा प्रत्याशियों का विरोध किया जा रहा है लेकिन पानीपत के किसान विरोध करने वाले लोगों से अपील करते है कि लोकतंत्र में सभी को वोट मांगने का हक है और किसी भी प्रत्याशी का विरोध नहीं करना चाहिये। किसान नेताओं ने कहा कि 25 मई अब नजदीक आ चुकी है और किसानों पर लाठी डंडे चलवाने वालों को अब वोट की चोट से जवाब देना चाहिये। सुरजभान रावल ने कहा कि किसी भी पार्टी से किसानों का कोई लेना देना नहीं है लेकिन जो पार्टी किसानों के हित में काम करेगी, उसी की किसान मदद करेगे। इस अवसर पर पूर्व जिला महासचिव रिशीपाल नांदल जाटल, ब्लाक प्रधान देशराज, राजबीर सींक, रामकिशन, कृष्ण नारा, ईश्वर सिंह, दयानंद राठी व आजाद सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं किसानों ने चौ. छोटूराम की प्रतिमा के सामने खडे होकर किसान एकजुटता को लेकर नारेबाजी की गई।

## जरूरत मंद की सेवा भगवान की भगति है प्रवीन जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: समाज सेवा संगठन** की ओर से आज 12 मई रविवार को अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 2 दिव्यांग को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 2 दियांग को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की जैन ने बताया एक सप्ताह पहले ही इन दिव्यांग बच्चो की हाथ रिक्शा व व्हील चेयर की जरूरत की डिमांड आई थी संगठन मेंबरों ने पता किया एक गुड़िया जो करीब 15 वर्ष की है जो चलने फिरने में असमर्थ है इनके



पास व्हील चेयर नही है और 1 लड़का जिसकी उम्र करीब 19 वर्ष है जो चलने फिरने में असमर्थ हैं इनके पास न व्हील चेयर है न हाथ रिक्शा है इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा और व्हील चेयर भेट की और बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है।

## न्यूज फ्लैश

### वाहन चोर काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। एंटी ऑटो** थेफ्ट की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हेमदा मोड़ के पास कैथल रोड़ करनाल पर नाकाबंदी करके आरोपी अमित कुमार पुत्र राजपाल वासी गांव हेमद, थाना सदर करनाल को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ मं आरोपी ने एक और मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा किया।
एंटी ऑटो थेफ्ट टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उनकी टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। आरोपी द्वारा इनमें से एक मोटरसाइकिल थाना शहर, करनाल क्षेत्र से और एक मोटरसाइकिल थाना सिविल लाइन क्षेत्र से चोरी की गई थी। इनके संबंध में पहले से ही मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित माताओं के लिए बेटे और बेटी ने दान की अपनी किडनी



**नोएडा।** एक मां के लिए जीवन से बढ़कर उपहार क्या हो सकता है! हर तरह की मुश्किलों और डर को पार पाते हुए एक बेटी ने अपनी मां को अपनी एक किडनी दान में दे दी जो किडनी की गंभीर बीमारी का सामना कर रही थी। बार-बार उल्टी, भूख न लगने और अनिद्रा जैसी समस्याओं का सामना कर रही 49 वर्षीय मां की जांच में किडनी की बीमारियों का पता चलता है। वह बेहद कमजोर हो गई थीं और कुपोषण का सामना कर रही थीं। हालांकि, शुरूआत में उनकी डायलिसिस शुरू की गई, लेकिन कुपोषण की वजह से उनकी तबियत में सुधार नहीं हो रहा था। इस चुनौतीपूर्ण समय में उनकी 28 वर्षीय बेटी पूरे साहस के साथ सामने आई और अपनी मां को किडनी देने के लिए तैयार हो गई। ट्रांसप्लांट के बाद मां की तबियत में सुधार होने लगा और अब वह सेहतमंद हैं।
त्याग और प्रेम से भरपूर एक अन्य मामले में 21 वर्षीय बेटे ने अपनी एक किडनी 45 वर्षीय मां को दी जो कभी न ठीक होने वाली अंतिम स्तर की किडनी की बीमारी से जूझ रही थी। डॉक्टरों ने डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी, लेकिन उनके परिवार में सिर्फ उनके छोटे बेटे का ब्लड ग्रुप ही उनसे मेल खा रहा था। शुरूआत में मां अपने बेटे की किडनी लेने में हिचक रही थीं क्योंकि वह पढ़ाई ही कर रहा था और बहुत कम उम्र का था। इन दो मामलों के बारे में डॉ. अनुजा पोरवाल, एडिशनल डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने कहा अपनी-अपनी मां को किडनी देने के लिए सामने आकर संकट के समय बेटे और बेटी दोनों ने अद्भुत साहस का परिचय दिया। एक मां के लिए जीवन से बढ़कर क्या उपहार हो सकता हैहमें आशा है कि दिल को छू लेने वाले ऐसे कार्यों से बहुत सारे लोगों को अंगदान के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी और लोगों के जीवन में बदलाव आ सकेगा। हम इस नई पीढ़ी को सलाम करते हैं और आभारी हैं कि उन्होंने अंगदान के महत्व को समझा और ऐसे लोगों को नया जीवन दिया जिन्हें इसकी जरूरत थी

# शहर में सुबह टहलने निकले सीएम, पार्क में किया योग-एक्सरसाइज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी रविवार तडके अटल पार्क की ओर सैर पर निकले। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्क में मौजूद लोगों से बातचीत की। उन्होंने ओपन एयर जिम में एक्सरसाइज कर शरीर को फिट रखने का संदेश दिया। पार्क में आयोजित योग कक्षा में पहुंचकर मुख्यमंत्री ने योग का अभ्यास किया और योग को जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत में योग का इतिहास हजारों साल पुराना है। हमारे ऋषियों-मुनियों का पूरा जीवन ही योगमय रहा है। भारत में योग की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितनी कि भारतीय संस्कृति। मानसिक, शारीरिक एवं अध्यात्म के रूप में लोग प्राचीन काल से ही इसका अभ्यास करते आ रहे हैं। सभी को योग अवश्य करना चाहिए। योग से मानसिक और शारिरिक विकास होता है। सीएम ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। इससे लोगों को आंतरिक मन में झांकने तथा शारीरिक संरचना और विभिन्न अंगों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने मे बल मिलता है। वर्तमान में योग हमारी आवश्यकता बन चुकी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद और संजय बठला सहित अन्य मौजूद रहे।

**पीएम मोदी ने चलाई देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अटल पार्क में स्थापित ओपन एयर जिम में एक्सरसाइज कर शरीर को फिट रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को तंदरूस्त रखने के लिए देश व्यापी फिट इंडिया मूवमेंट चलाई। इसके तहत देश वासियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इसी अभियान के तहत लोगों को ओपन एयर जिम की सुविधा मिली। फिट इंडिया मूवमेंट के साथ सभी लोगों को जुड ?ा चाहिए। इस अभियान से जुडकर हम अपने आपको फिट रख सकते हैं। शरीर स्वस्थ होगा तो समाज का विकास होगा। मनुष्य का पहला सुख निरोगी काया है।

**सीएम ने लोगों से की बातचीत, बच्चों-युवाओं ने ली सेल्फी**

सीएम ने पार्क में लोगों से बातचीत भी की। युवाओं और बच्चों ने सीएम सैनी के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेला।

## चुनाव प्रकिया के दौरान एमसीएमसी रखेगी पेड न्यूज पर नजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है। इसके अलावा कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक दलों से प्रचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन के लिए भी एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा। उन्होंने बताया कि इस विज्ञापन के लिए भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड राजनैतिक पार्टी के उम्मीदवार को तीन दिन पहले और बाकी उम्मीदवारों को सात दिन पहले कमेटी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## सदानंद बाल विद्या स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**पानीपतः सदानंद बा**ल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सेकेंडरी कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति काफी शानदार रहा। स्कूल में कुल 47 विद्यार्थियों ने सेकेंडरी कक्षा की परीक्षा दी। परिणाम शत प्रतिशत के साथ साथ मेरिट मे भी अग्रणीय रहा। 47 में से 30 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। जिसमें से 2 विद्यार्थियों (अंशिका और वंशिका) ने 490 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान, निशा दुबे ने 488 अंक लेकर विद्यालय में दूसरे स्थान और रौनक 485 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। सभी 47 के 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी मे परीक्षा पास की।

# करनाल पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा में करनाल** के किसान भवन पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने राजनीतिक संगठनों पर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि पॉलिटिकल पार्टियों के नेता गांवों में वोटों के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि किसान संगठन मजबूत हो, जब पॉलिटिकल नेता गांवों में आ ही रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि किसान नेताओं से कुछ सवाल जवाब भी कर लें, क्योंकि अन्य समय पर तो मिलते ही नहीं। पॉलिटिकल पार्टियों के लिए लोकसभा चुनाव एक त्यौहार है और इन मौके पर तो नेता लोग गांवों में मिल जाते हैं, लेकिन अन्य दिनों पर तो ये मिलते ही नहीं।
सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट में किसान नेता राकेश टिकैत के कांग्रेस को समर्थन दिए जाने के मामले में सवाल किया गया तो राकेश टिकैत ने इसे सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि देखो, जनता है बीजेपी के खिलाफ । जहां मजबूत कैंडिडेट होगा, यह जनता उसी को वोट दे देगी, न कि किसी के कहने से वोट देगी। अब नेताओं की आपस में फाइट है, अब फाइनल में किसको जाना है, अभी तो सेमीफाइनल चल रहा है। भाजपा आई तो अमित शाह प्रधानमंत्री बनेंगे, इस पर राकेश टिकैत ने कहा कि देश में बीजेपी कहां है। अगर यह सरकार बीजेपी की होती तो भी कोई समस्या नहीं थी। यह सरकार पूंजीपतियों का एक गैंग है। उस गैंग ने उस पार्टी पर कब्जा कर रखा है। इनके साथ में है कौन? इन्हें नई बीजेपी के लोग चाहिए अब। जो पुराने नेता थे वे तो दरकिनार हो चुके हैं, अब इन्हें नेता नहीं गुलाम चाहिए। सब इनके खिलाफ हैं। इन्होंने सिस्टम पर कब्जा कर रखा है। नैना चौटाला की गाड़ी पर हमले के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हम गाड़ी पर हमले का समर्थन नहीं करते है। अब वे ज्यादा से ज्यादा गांवों में जाएंगे, क्योंकि छेड़ा हुआ आदमी ज्यादा गांवों में जाता है।

## स्व. राजकिशन अगवानपुरिया को किया याद



**गन्नौर : गांव अगवानपुर के** मैन पार्क में रविवार को लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मंजीत कुमार ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने स्व. राजकिशन अगवानपुरिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि स्व. राजकिशन ने अपनी रागनियों से हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रागनियों में सामाजिक ताना-बाना से लेकर लोगों के लिए एक नई सीख होती थी। उन्होंने अपनी दमदार रागनियों के बलबूते लोगों की सोच को बदलने का काम बखूबी किया। कादियान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करना बेहतर प्रयास है, इससे स्व. राजकिशन हमेशा हमारे बीच जिंदा रहेंगे और युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानने को मिलेगा।


# याशी कम्पनी को नायब सैनी सरकार की क्लीनचिट

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

प्रदेश के सभी शहरों में प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे के बड़े फजीर्वाड़े की शिकायत लोकायुक्त में जाने पर सर्वे करने वाली जिस याशी कम्पनी को पिछले वर्ष 12 सितंबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार ने ब्लैक लिस्ट किया था,करोड़ों रुपये की बकाया पेमेंट रोकते हुए ठेका कार्य रद्द कर दिया था । उसी याशी कम्पनी को अब नायब सिंह सैनी सरकार ने क्लीनचिट दे दी है । मामले की सुनवाई आगामी 16 जुलाई को लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा करेंगे। लोकायुक्त कोर्ट में 19 जुलाई 2023 को मामला ले जाने वाले आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया है कि इस फजीर्वाड़े में संलिप्त 12 आईएएस अधिकारियों सहित निकाय विभाग के 90 कर्मचारियों व याशी कम्पनी को बचाने के लिए नायब सिंह सैनी सरकार ने यह कारनामा किया है । क्योंकी याशी कम्पनी के सर्वे की फिजिकल वेरिफिकेशन किये बगैर ही इन अधिकारियों ने साइन ऑफ सर्टिफिकेट जारी करके इन अधिकारियों ने कम्पनी को करोड़ों रुपये पेमेंट करवा दी। कपूर ने बताया कि उनकी शिकायत पर लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने एंटी करप्शन ब्यूरो से जाँच करवाने के बाद शहरी निकाय विभाग के प्रधान सचिव से जाँच रिपोर्ट मांगी थी । इस पर शहरी निकाय विभाग के चीफ विजिलेंस ऑफिसर जे एस बोपाराए ने गत 6 मई को लोकायुक्त को दी अपनी जांच रिपोर्ट में सभी सरकारी अफसरों व याशी कम्पनी को क्लीनचिट दे दी है । जबकि इसी जाँच रिपोर्ट में खुद चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने स्वीकार किया कि फिजिकल वैरिफिकेशन का रिकॉर्ड शहरी निकाय निदेशालय व नगर निकायों के अधिकारी उन्हें नहीं दे पाए। पी पी कपूर ने बताया कि इस जाँच रिपोर्ट के मुताबिक ही निकाय विभाग के प्रॉपर्टी आईडी /एनडीसी पोर्टल पर दिनांक 16 नवंबर 2022 से दिनांक 21 मार्च 2024 के बीच 15 महीनों में कुल 8,02,480 सम्पति मालिकों ने कुल 18,74,676 आपतियाँ दर्ज करवाई । यानि हर महीने औसतन 53,523 सम्पति मालिक कुल करीब 1.25 लाख आब्जेक्शन दर्ज करा रहे हैं । इन कुल दर्ज ऑब्जेक्शन्स मे से जरूरी दस्तावेजों के अभाव में 2,92,376 आब्जेक्शन रद्द कर दिये गये। जबकि 90,217 मामले आवेदकों के पास तो 24047 मामले नगर निकायों मे लंबित हैं । प्रदेश के सभी 88 शहरों में प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे करने वाली जयपुर की याशी कम्पनी ने कुल 42,70,449 सम्पतियों का सर्वे किया । इनमें से करीब 21.35 लाख सम्पतियाँ तो खाली प्लॉट,निमार्णाधीन अथवा तालाबंद भवन थे फिर भी इनका भुगतान कम्पनी को कर दिया।

# धरती मां को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त रखना ही सच्चा मातृ दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : श्री जयराम** संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्री जयराम विद्यापीठ में स्थित श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय में देश के विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी एवं ब्रह्मचारी संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मातृ दिवस के अवसर पर संस्कृत महाविद्यालय में भी भू संरक्षण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यापीठ में पौधरोपण के उपरांत प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज ने कहा कि कि मां का रिशता सबसे सर्वश्रेष्ठ माना गया है। मां हमेशा हमारे लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। बच्चे के पहली गुरु मां होती है। उन्होंने बताया कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगा कर धरती मां को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त कर सकते हैं। इसलिए हमें पेड़ पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहाकि धरती मां को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त रखना ही सच्चा मातृ दिवस है।

# 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने बूथ का मुख्य अतिथि: पिलानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** अखिल पिलानी ने कहा कि आगामी 25 मई को प्रत्येक मतदाता अपने पोलिंग बूथ का मुख्यातिथि होगा और वह अपने द्वारा किये जाने वाले मतदान से अपना मनचाहा प्रतिनिधि चुन सकेगा। वे रविवार को स्थानीय एनडीआरआई चौक पर शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर आयोजित वॉकथॉन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। एक निजी संस्थान की ओर से आयोजित इस मतदाता जागरूकता वॉकथॉन में सैंकड़ों खिलाड़ी, विद्यार्थी और संस्थाओं ने भाग लिया, जिसे एडीसी अखिल पिलानी ने हरी झंडी देकर रवाना किया और स्वयं भी इस वॉकिंग मैराथन में भाग लिया। एडीसी ने कहा कि पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए आए मतदाता के सत्कार के लिए प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा रही है। पोलिंग बूथ पर मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रशासन द्वारा ऐप भी विकसित की गई है, जिसके माध्यम से घर बैठे पोलिंग बूथ पर उपस्थित भीड़ का जायजा लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान में 18 वर्ष पूरी कर चुके हर व्यक्ति को मताधिकार दिया है। जिसका प्रयोग कर वह लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। लोकतंत्र में प्रत्येक वोट की अहमियत है। मतदान करते हुए हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि हम किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना फंसे। हमें निर्भिकता व निडरता का परिचय देते हुए सही व्यक्ति का चयन करना है। लोकतंत्र में सही व्यक्ति का चयन हो, इसके लिए भी शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान किया जाएगा। लेकिन करनाल में लोकसभा के साथ-साथ करनाल विधानसभा उप चुनाव के लिए भी 25 मई को मतदान होगा। इन चुनावों में 100 फीसदी मतदान करवाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के आदेशानुसार विशेष प्रचार प्रसार अभियान पर फोकस रखकर स्वीप गतिविधियों का आयोजन पूरे लोकसभा क्षेत्र में निरंतर किया जा रहा है। सभी मिलकर चुनाव के इस पर्व में शामिल होंगे ताकि देश का गर्व बढ़ सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे है।
स्वीप गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है ताकि हर मतदाता को उसके वोट की कीमत बताई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन पिछले तीन-चार माह से इस कार्य में लगा हुआ है। एडीसी ने कार्यक्रम के माध्यम से आमजन का आह्वान किया कि वे रिकॉर्ड तोड़ मतदान कर करनाल को मतदान के मामले में पहले पायदान पर लाए।

# इवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा नहीं जीतेगी : मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। बहुजन समाज** पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने कहा कि भाजपा ने पूंजीपतियों, जातिवाद, संप्रदाय की राजनीति की है। अबकी बार लगता है कि भाजपा दोबारा सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बशर्ते इस बार यह चुनाव नीट एंड क्लियर होता है। भाजपा इवीएम में गड़बड़ी नहीं करती है तो इन चुनावों में न तो भाजपा की नाटकबाजी चलने वाली है और न ही जुमलेबाजी। मायावती करनाल लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार सरदार इंद्रजीत सिंह के पक्ष में रैली करने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही देश का अधिकतर शासनकाल कांग्रेस के हाथों में रहा है। इन्होंने न तो दलित वर्ग, न ही आदिवासी, न पिछड़ा वर्ग और न ही अन्य वर्गों के लिए काम किया। अब कांग्रेस को देश से बाहर करने का समय आ चुका है। बसपा किसी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ रही। पार्टी ने अकेले ही सभी लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। बसपा गरीबों, मजदूरों और आदिवासियों की आवाज उठा रही है। जिस तरह की भीड़ आज एकत्रित हुई है, उससे लग रहा है कि अबकी बार करनाल से भी बसपा को जिताकर लोग संसद में भेजने का काम करेंगे। मायवती ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा ने देश के मुख्य मुद्दों को नहीं उठाया। हवा हवाई बातें की गई। जो वादे भाजपा ने किए थे, उसमें से एक चौथाई हिस्सा भी पूरा नहीं किया। इन लोगों ने बड़े-बड़े पूंजीपतियों के घर भरे और उन्हें बचाने में लगे रहे। पिछले दिनों इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला कोर्ट में उठा और अखबारों की सुर्खियों में भी आया। बसपा को छोडकर, कांग्रेस, भाजपा व अन्य पार्टियों ने देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों से बॉन्ड के जरिए मोटा गोलमाल किया। बसपा एक ऐसी पार्टी है, जो किसी धन्नासेठ से पैसे नहीं लेती। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी ने हमेशा किसानों और मजदूर वर्ग के हितों की आवाज उठाई है और बिना किसी भेदभाव के काम किया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा ने जातिवादी, संप्रदाय व धर्म की राजनीति की है। इतना ही नहीं दलित, गरीब, एससी एसटी वर्ग की नौकरियों का कोटा आज तक नहीं भरा गया। अल्पसंख्यक समाज के लोगों की हालत भी ठीक नहीं है। मायवती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से केंद्र व अधिकांश राज्यों में भाजपा-आरएसएस का खुद का विकास काफी हद तक कम हो गया। देश की अर्थव्यवस्था पर भी काफी प्रभाव पड़ा है। गरीब और मध्यम वर्ग भी काफी हद तक परेशान हैं। पूरे देश में गरीबी और महंगाई काफी हद तक बढ़ती जा रही है।

# रोड शो के लिए राजनैतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी परमिशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे।उपायुक्त ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाऊडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा।उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर बनाई गई चुनाव खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रखेगी। चुनावी कार्यक्रमों में उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनावी खर्च का हिसाब-किताब रखने के लिए टेंट, भोजन, चाय, भोजन, वाहन, प्रचार सामग्री आदि सभी की दरें तय की हुई हैं।

# सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश को दी 10 गारंटी

## चीन से वापस लेंगे जमीन', फ्री बिजली से लेकर मुफ्त इलाज तक, प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार पीएम मोदी पर हमलावर हैं। रविवार को एक बार फिर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इसी के साथ केजरीवाल ने देश को 10 गारंटियां दी। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा।

**गारंटी का वादा**

**जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब इन गारंटियों को पूरा किया जाएगा: अरविंद केजरीवाल**

केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में महंगाई कम करने, हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं लेकिन आजतक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की। केजरीवाल ने कहा कि हमने बिजली मुफ्त करने की गांरटी दी, स्कूल शानदार की गारंटी दी, मोहल्ला क्लिनिक खोलने का वादा किया। हमने वो सब किया जिसकी हमने गारंटी दी थी। पीएम मोदी की गारंटी कौन पूरा करेगा, वो भी नहीं पता क्योंकि वह 75 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं। केजरीवाल की गारंटी केजरीवाल पूरा करेंगे। केजरीवाल ने देश की जनता को 10 गारंटी दी हैं। सीएम ने कहा केजरीवाल की इन 10 गारंटियों की मैं गारंटी लेता हूं कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इन्हें पूरा कराया जाएगा। ये 10 गारंटियां नये भारत का विजन हैं। ये सभी काम देश को मजबूत करने वाले काम हैं और इन्हें अगले पांच साल में युद्ध स्तर पर पूरा किया जायेगा।

### केजरीवाल ने देश को दी ये 10

- **मुफ्त बिजली की गांरटी**
पूरे देश में 24 घंटे बिजली का इंतजाम करेंगे। कहीं पावर कट नहीं लगेगा। पूरे देश के गरीबों की बिजली फ्री करेंगे।
- **बेहतर शिक्षा की गारंटी**
हर गांव और हर मोहल्ले में शानदार सरकारी स्कूल बनाएंगे। इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे के लिए अच्छी और मुफ्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा।
- **शानदार और फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे**
हर गांव और मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे। हर जिले में शानदार सरकारी अस्पताल बनाएंगे। देश के हर व्यक्ति के लिए शानदार और फ्री इलाज की व्यवस्था करेंगे।
- **चीन से जमीन वापस लेने की गारंटी**
चीन द्वारा अवैध तरीके से कब्जा की भारत की जमीन वापिस लाने के लिए सेना को जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी।
- **अग्निवीर योजना बंद कर, अग्निवीरों को पक्का करने की गांरटी**
अग्निवीर योजना को बंद करके सारी सैन्य भर्तियों को पुरानी प्रक्रिया की तहत किया जाएगा।
- **किसानों के लिए गांरटी**
किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित करके उन्हें फसलों के पूरे दाम दिलवायेंगे।
- **दिल्ली को पूर्ण राज्य की गारंटी**
दिल्ली वालों की दशकों पुरानी मांग को पूरा किया जाएगा। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे।
- **रोजगार की गारंटी**
बेरोजगारी को व्यवस्थागत तरीके से दूर किया जायेगा। अगले एक वर्ष में 2 करोड़ रोजगार की व्यवस्था की जाएगी।
- **भ्रष्टाचार से मुक्ति की गारंटी**
भाजपा की वाशिंग मशीन का विनाश किया जाएगा। ईमानदारों को जेल भेजने और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की मजबूत व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा।
- दिल्ली और पंजाब की तरह भ्रष्टाचार पर सही मायने में प्रहार किया जाएगा।

# आप ने साइकिल तो भाजपा ने निकाली बाइक रैली





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री वी. के सिंह और भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भाजपा को समर्थन देने के लिए सिख युवाओं के साथ मोटरसाइकिल रैली निकाली। उधर, आम आदमी पार्टी ने साइकिल रैली निकाली। आप उम्मीदवार सोमनाथ भारती साइकिल पर सवार होकर चुनाव प्रचार करते नजर आए। आप सरकार में मंत्री गोपाल राय ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। उधर, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, 'नौजवानों ने बाइक रैली का आयोजन किया है, इस रैली का उद्देश्य यह दिखाना है कि हमारा समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। उन्होंने हमारे समुदाय को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए हैं फिर चाहे करतारपुर साहिब के लिए कॉरिडोर का निर्माण हो या वीर बाल दिवस मनाना हो। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है 'विकसित भारत', इसके लिए हमारा समुदाय आज एकजुट होकर प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है।' वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "पूरे देश और दिल्ली में एक ही संदेश है कि समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। पिछले 10 साल में जिस तरह से विकास हुआ है, सबका एक ही मंत्र है- 'फिर एक बार मोदी सरकार'..." केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह ने कहा, "इस रैली का उद्देश्य लोगों को संदेश देना है कि तीसरी बार मोदी सरकार आए इसके लिए सिख उनके साथ हैं... यह पूरे दिल्ली के लिए एक संदेश है।"

# अब अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने की धमकी






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के बाद अब दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने इस बार भी पुराने पैटर्न को दोहराते हुए ईमेल भेजा है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल के पास आया है।

**मौके पर पुलिस के अलावा दमकल विभाग की टीम :** अस्पतालों द्वारा शिकायत मिलने के बाद मौके पर पुलिस के अलावा दमकल विभाग और तमाम सिविक एजेंसियां, बम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए हैं। अस्पताल में तलाशी अभियान जारी है। हालांकि अभी तक अस्पताल के परिसर से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिली है।

**एक मई को मिली थी स्कूलों को धमकी :** एक मई को सुबह 223 स्कूलों में बम रखे होने के ई-मेल भेजे गए थे। ईमेल में नफरती भाषा का इस्तेमाल किया गया था। ईमेल में लिखा था, 'हमारे हाथों में जो लोहा है। वह हमारे दिलों को गले लगाता है। इंशाअल्लाह, हम इन्हें हवा में उड़ा कर तुम्हारे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। तुम्हारे घिनौने शरीरों को चीर देंगे। हम तुम्हारी गर्दन और चेहरे को फाड़ देंगे। अल्लाह की मर्जी हुई तो हम तुम्हें आग की लपटों में डाल देंगे।

जिससे तुम्हारा दम घुट जाएगा। काफिरों के लिए जहन्नुम में अलग आग है। काफिरों... इंशाअल्लाह, तुम इसी आग में हमेशा के लिए जल जाओगे।

**शांति**

**ये धमकी भरा मेल संजय गांधी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल के पास आया है।**

# बवाना औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बवाना औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक के सामान बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार को भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची 12 दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। फायर कंट्रोल रूम के अनुसार आज दोपहर 3:00 बजे के आसपास कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली। अभी 60 फायर कर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है। यह हादसा बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के एफ ब्लॉक में हुई है। फायर कर्मियों ने बताया कि इस इमारत के अंदर 65 से 70 सिलेंडर रखे हुए हैं, जिसको लेकर शंका बनी हुई है कि कहीं सिलेंडर आग की चपेट में आकर ब्लास्ट होने ना लग जाए।

# एनसीआर के गैर पंजीकृत मलबा संग्रह केंद्र होंगे बंद

## सीएक्यूएम ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान व उप्र सरकार को जारी किया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: गर्मियों** के मौसम में भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ रहे धूल प्रदूषण को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सख्त रवैया अख्तियार कर लिया है। स्थानीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से गैर पंजीकृत एनसीआर में चल रहे सभी मलबा संग्रह केंद्रों को बंद किया जाएगा। सीएक्यूएम ने इसे लेकर लिखित आदेश भी जारी कर दिए हैं। सीएक्यूएम के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल द्वारा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को जारी आदेश में इस पर तत्काल प्रभाव से अमल करने को कहा है। इस आदेश में बड़े निर्माण स्थलों के साथ-साथ छोटे निर्माण स्थलों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



**छोटे निर्माण स्थलों पर भी लागू हो धूल नियंत्रण उपाय:** आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि छोटे निर्माण स्थलों पर भी धूल नियंत्रण उपाय लागू किए जाने अनिवार्य हैं। ऐसा नहीं करने वाले निर्माण स्थलों पर भी कार्रवाई की जाए। इस दिशा में होने वाली कार्रवाई की माहवार रिपोर्ट भी आयोग को भेजने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि समूचे एनसीआर में मलबा संग्रह केंद्रों (सीएनडी साइटस) से उड़ने वाली धूल वायु प्रदूषण की बड़ी वजह हैं। चिंता की बात यह है कि इस पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। इनमें छोटे और बड़े दोनों तरह के ही निर्माण शामिल है। यहां होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए ही आयोग ने पूर्व में पांच हजार वर्ग मीटर से बड़े निर्माण-ध्वस्तीकरण स्थलों को वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही यहां पर धूल नियंत्रण के उपायों के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए थे।

**नियम न मानने वालों पर कार्रवाई के निर्देश:** इसके बावजूद कई निर्माण स्थलों द्वारा न तो पंजीकरण कराया गया है, न ही यहां धूल नियंत्रण उपायों को लागू किया जा रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसी को देखते हुए आयोग की ओर से पंजीकरण नहीं कराने और धूल नियंत्रण उपायों को लागू नहीं करने वाले निर्माण स्थलों को बंद कराने के आदेश दिए गए हैं।

**आदेश**

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से गैर पंजीकृत एनसीआर में चल रहे सभी मलबा संग्रह केंद्रों को बंद किया जाएगा**

# एनडीएमसी ने मतदाताओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नई दिल्ली जिला चुनाव कार्यालय, खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएश और एनडीएमसी कर्मचारियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ रविवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के रूप में एक साइकिल रैली का आयोजन किया। एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरिंग, बागवानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और खान मार्केट के व्यापारियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों के साथ सुबह साइकिल रैली में भाग लिया। यादव ने साइकिल रैली का मकसद बताते हुए कहा कि यह आम जनता को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रयास है।



इस अवसर पर खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन ने घोषणा की कि खान मार्केट के सभी फूड्स आउटलेट प्रत्येक मतदाता को 15 प्रतिशत की छूट देंगे। 25 मई को दिल्ली में वोटिंग स्याही के निशान के साथ वोट डालने के बाद खान मार्केट में आने वाले मतदाताओं को इसका लाभ मिलेगा। इस साइकिल रैली मार्ग ने खान मार्केट से हुमायूं रोड, पृथ्वीराज मार्ग, ऑरबिंदो मार्ग, लोधी रोड, लोधी गार्डन, मैक्समूलर मार्ग से सुब्रमण्यम भारती मार्ग तक लगभग 06 किमी की दूरी तय करता है और नई दिल्ली में अमृता शेरगिल मार्ग पर खान मार्केट पार्किंग पर समाप्त हुई ।

# अब भाजपा बदलेगी चुनाव प्रचार की रणनीति





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर तिहाड़ से बाहर आने के बाद अब भाजपा अपने चुनाव प्रचार में बदलाव करेगी।

पार्टी के नेताओं का कहना है कि चुनाव प्रचार में वह अन्य पार्टियों से आगे चल रही है, लेकिन केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर अब आप के चुनाव प्रचार में भी तेजी आएगी।केजरीवाल भाजपा व केंद्र सरकार पर आक्रामक रुख अपनाएंगे। इसे ध्यान में रखकर भाजपा भी चुनाव प्रचार की रणनीति बदलेगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी रक्षात्मक होने की जगह आक्रामक तरीके से आम आदमी पार्टी व केजरीवाल पर हमला बोलेगी। पार्टी के चुनाव प्रचार के केंद्र में अब आम आदमी पार्टी की सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप रहेंगे।

**रणनीति**

**पार्टी का कहना है कि केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर अब आप के चुनाव प्रचार में भी तेजी आएगी**

**भाजपा लोगों को बताएगी केजरीवाल पर लगे आरोप :** कार्यकर्ता व नेता मतदाताओं को यह बताने का प्रयास करेंगे कि केजरीवाल आबकारी नीति व अन्य घोटालों के सूत्रधार हैं। जांच एजेंसियों के पास उनके विरुद्ध पर्याप्त सुबूत हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि तमाम शर्तों के साथ अंतरिम जमानत मिली है और यह कानूनी प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाने से रोक दी है।

# एयरोसिटी का दिखेगा नया रूप, अब बनाए जाएंगे भव्य मॉल भी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आइजीआइ एयरपोर्ट से सटे एयरोसिटी का नया रूप आने वाले समय में लोगों को देखने को मिलेगा। मूल रूप से इस जगह का विकास बड़े होटलों व कॉरपोरेट कार्यालय की जरूरत को ध्यान में रखते हुए किया गया था, लेकिन अब यहां भव्य मॉल देखने को मिलेंगे। फिलहाल यहां देश के सबसे बड़े मॉल का निर्माण कार्य जोरों पर है, लेकिन पहले से पार्किंग व जाम की समस्याओं से जूझ रहे एयरोसिटी व आसपास का इलाका भविष्य में होने वाले इन परिवर्तनों से कैसे निपटेगा, इसे लेकर कोई रणनीति दिखाई नहीं देती। यह सवाल एयरोसिटी के विभिन्न प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों के लिए भी अहम है। क्षेत्र की सड़कों की चौड़ाई अभी से ही कम पड़ती नजर आ रही है। ऐसे में जब यहां नए निर्माण होंगे तब क्या स्थिति होगी, यह एक बड़ा प्रश्न है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब नजर आता है कि यहां सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जगह ही नहीं है।



**महिपालपुर फ्लाईओवर के आसपास जाम अभी से समस्या:** वर्तमान में धौलाकुआं की ओर से एयरपोर्ट की ओर आने वाले वाहन महिपालपुर व सेंट्रल स्पाइन रोड पर जाम की समस्या से कई बार जूझते हैं। भले ही सेंट्रल स्पाइन रोड के टी प्वाइंट पर फ्लाईओवर बनने से महिपालपुर व मेहरम नगर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए लाल बत्ती पर रुकने की मजबूरी से निजात मिल गई हो, लेकिन जो समस्या टी प्वाइंट से पहले की थी अपनी जगह यथावत है। महिपालपुर फ्लाईओवर के जिस प्वाइंट से टर्मिनल-3 व एयरोसिटी के लिए सड़क विभाजित होती है, उस स्थान पर भविष्य में बढ़ने वाले यातायात का कैसे प्रबंधन होगा, यह अहम प्रश्न है।

**विजन**

**एयरोसिटी में काम करने वाले लोगों के लिए भी अहम है। सड़कों की चौड़ाई अभी से ही कम पड़ती नजर आ रही**

**एयरोसिटी में वाहनों के लिए मिलेंगे कई विकल्प: डायल**

एयरोसिटी में विभिन्न परियोजनाओं से भविष्य में इससे जुड़ी परेशानियों के बारे में एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़ी एजेंसी डायल का कहना है कि एयरोसिटी व एयरपोर्ट के आसपास कई नई सड़कें बनी हैं। फ्लाईओवर का भी निर्माण हुआ है। जहां तक मॉल के निर्माण से यातायात पर पड़ने वाले असर की बात है तो इसे लेकर कोई दिक्कत नहीं आती है। जिस जगह मॉल का निर्माण हो रहा है, वहां प्रवेश व निकास के लिए रास्ते के तौर पर कई विकल्प लोगों को मिलेंगे। इस निर्माण का एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहनों पर असर नहीं पड़ेगा।

# चांदनी चौक के किनारी बाजार की एक दुकान में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके के किनारी बाजारी में स्थित एक दुकान में रविवार की दोपहर आग लग गई। सूचना पर दमकल की गाड़ियां आनन-फानन मौके पर पहुंच गईं। आग बुझाने का काम जारी है।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे फायर ब्रिगेड के कर्मियो को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर बारी-बारी से दमकल की 13 गाड़ियां पहुंच गईं। राहत की बात है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत नगर थाना क्षेत्र में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में एक युवक पर पहले क्रिकेट बैट से हमला किया गया। फिर सीने पर पंच मारकर हमलावर भाग गए। आनन-फानन घायल को पास के ही एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 23 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला कि खेल के दौरान एक युवक के खेलने की जिद को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पुलिस तीन युवकों को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। विशाल अपनी पत्नी अर्चना, एक साल का बेटा, छोटा भाई कुणाल और दिव्यांग बहन के साथ प्रताप नगर में रहते थे। चार महीने पहले ही उनके पिता का देहांत हुआ है। विशाल सदर बाजार में नौकरी करते थे। स्वजन ने बताया कि विशाल शनिवार दोपहर अशोक विहार स्थित राम लीला मैदान में क्रिकेट खेलने गए थे। तभी एक युवक भी क्रिकेट खेलने की जिद करने लगा। इस बात को लेकर उनका उस युवक से झगड़ा हो गया। आरोपित वहां से चला गया। विशाल ने अपने भाई कुणाल को झगड़ा होने की बात कहकर मैदान में बुला लिया। कुछ देर बाद आरोपित युवक अपने

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल को लेकर अब तक नहीं मिला सुराग

## रूस की जांच एजेंसी ने दिल्ली पुलिस को अब तक मेल के आईपी पते के बारे में कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करीब दो हफ्ता पहले दिल्ली-एनसीआर के 178 पब्लिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल भेजकर केंद्र सरकार व पुलिस प्रशासन समेत अभिभावकों में दहशत फैलाने के मामले में रूस की जांच एजेंसी ने दिल्ली पुलिस को अब तक मेल के आईपी पते के बारे में कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईपी पते की जानकारी न मिल पाने पर दिल्ली पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। माना जा रहा है कि रूसी एजेंसी को भी आईपी पते के बारे में पता नहीं चल पाने के कारण दिल्ली पुलिस को जानकारी मुहैया नहीं कराई जा रही है। ईमेल आईडी को देखते हुए जांच एजेंसी ने रूस से मेल आने का शक जाहिर करते हुए वहां की निजी ईमेल सेवा प्रदाता कंपनी मेल डाट आरयू को सीबीआइ की इंटरपोल के जरिए मेल भेजकर आईपी एड्रेस के बारे में जानकारी मांगी थी। यह रूसी कंपनी वीके द्वारा प्रदान की जाने वाली ईमेल सेवा है। साथ ही उसका डोमेन भी इसी कंपनी का है। मेल डॉट आरयू से जवाब मिलने के बाद ही दिल्ली पुलिस की जांच आगे बढ़ पाएगी। 11 दिन बाद भी आईपी पता नहीं लगने पर माना जा रहा है इस कंपनी का मेल बनाने वाले ने आईपी एड्रेस की पहचान छिपाने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का उपयोग किया था। हो सकता है कि यह इसमें किसी भारतीय का हाथ हो। यहीं से उसने जांच एजेंसी को गुमराह करने के मकसद से मेल में वीपीएन का इस्तेमाल कर मेल डाट आरयू से मेल भेजा गया हो ताकि उसका पता न लग पाए। पुलिस ने रूस की एजेंसी के अलावा निजी ईमेल सेवा प्रदाता से भी जानकारी मांगी थी लेकिन कहीं से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस को शक है कि हो सकता है कि मेल भेजने में चीन अथवा पाकिस्तान का भी हाथ हो। क्योंकि इन देशों से पाकिस्तान के अच्छे रिश्ते नहीं हैं। भारत से रूस के बेहतर रिश्ते हैं ऐसे में दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब करने की पाकिस्तान व चीन की मंशा रही हो। एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा का कहना है कि मेल भेजने में वीपीएन का इस्तेमाल करने के कारण आरोपित तक पहुंचने में वक्त लग सकता है। इंटरपोल व केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से स्पेशल सेल की टीम जांच में जुटी हुई है। इंटरपोल के जरिये दिल्ली पुलिस ने मेल भेजने वाले का नाम, पता, संपर्क विवरण, वैकल्पिक ईमेल आईडी और संपूर्ण आईडी लाग व आईपी एड्रेस की जानकारी रूस की एजेंसी राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) से जानकारी मांगी गई है। ज्ञात रहे एक मई को सुबह से दोपहर तक एक के बाद करीब 178 नामी व अन्य स्कूलों को मेल भेजने के मामले ने गृह मंत्रालय की भी नींद उड़ाकर रख दी थी। गृह सचिव अजय भल्ला ने सुबह ही पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को मंत्रालय तलब कर घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की थी। इस मामले की जांच में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस को लगाया गया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में एसीपी ललित मोहन नेगी व हृदय भूषण की टीम इसकी जांच में जुटी है।



# कांग्रेस बताए, गरीब की योजनाओं का 85 पैसा कहां जाता था : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आज विश्व** में कहीं भी भारतीय हैं, उनको यह विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी उसकी सुरक्षा की गारंटी हैं। पीएम मोदी पर 140 करोड़ भारतीयों का भी विश्वास है। 55 साल में कांग्रेस जो लोगों को सिर्फ झूठी घोषणाएं ही दी है, पर दस वर्षों में पीएम मोदी ने संकल्प के साथ विकास की गारंटी दी है। यह बात मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत अटल पार्क से की। उन्होनें पार्क में जाकर मार्निंग वॉक पर आए लोगों से मिलकर बीजेपी को



वोट देने की अपील कर प्रधानमंत्री मोदी के दस वर्षों के कार्यों की चर्चा की। बूथ चलो अभियान के अंतिम दिन करनाल के मॉडल टाउन छोटी वाल्मीकि बस्ती में बूथ नंबर 24 के अंतर्गत आने वाले घरों में जाकर सीएम ने लोगों से मुलाकात कर बीजेपी को जिताने की भी अपील की। सीएम ने कहा 2014 और 2024 के करनाल में काफी अंतर है। आज करनाल में विकास दिख रहा है, क्योंकि हमारे सरकार की नीति और नियत विकास की है। कांग्रेस की नियत विकास करने की नहीं है बस लोगों को बरगला कर वोट लेने की है। गरीब की योजनाओं का 85 पैसा कांग्रेस शासनकाल में कहां जाता था, वह जनता को बताएं। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सच्चे अर्थों में विकास की नींव रखी थी। उनके शासनकाल से सडक के निर्माण में तेजी आई। उन्हीं के शासन काल में फोर लेन बने। उनके विकास को पीएम मोदी ने आगे बढाने का काम किया। आज 140 करोड़ लोग विकास को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज एक झटके में गरीबी मिटाने की बात करते हैं। लोगों को भ्रम के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं दिया है। बस कांग्रेस गरीबी का उपहास उड़ाती है। 35 साल पहले इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाने का वादा किया था, पर वह बस नारा ही बनकर रह गया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व को भारत के प्रति विश्वास दिया। आज हर मसलों पर विश्व के नेता प्रधानमंत्री की राय लेते हैं। सीएम ने कहा कि हरियाणा ही नहीं पूरे भारत ने कांग्रेस को नकार दिया है। आप कमल का बटन दबाकर भारी मतों से बीजेपी को जिताएं। मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल देश की तेजी से विकास को समर्पित होगा। इस अवसर पर पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, संजय बठला, एडवोकेट विजयपाल, आजाद सिंह, गिन्नी विर्क, राघव वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम किया है और भाजपा सरकार सभी को एक साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। किसानों के लिए अनेकों योजनाएं लागू की। गरीबों के हित में फैसले लिए। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता की भलाई के लिए काम किए। आज देश का प्रत्येक नागरिक नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। सुमन सैनी रविवार को करनाल में



आयोजित कई कार्यक्रमों में पहुंची। सुमन सैनी सेक्टर-13 में अनूप भारद्वाज कश्यप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। अनूप भारद्वाज कश्यप ने सुमन सैनी का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके अलावा उन्होंने सैक्टर-14 में जैन स्थानक आश्रम में साध्वी अनंता, कर्ण विहार में राकेश सैनी, रेलवे क्रासिंग के पास शास्त्री नगर में अमर दास द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी कंपनी में आग लगने के कारण पीवीसी पैकिंग मैटीरियल जलकर राख



**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र स्थित फेस एक स्थित 258 गर्ग प्लास्टिक में रविवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से कंपनी के पास रखे सामान में आग लग गई। आग लगने की सूचना कंपनी के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। कपंनी के संचालक सुनील जैन ने बताया कि कंपनी में पीवीसी दवाईयों के पैकिंग के लिए बनाए जाने वाले पाऊडर के लिए लाई गई थी। आग लगने के कारण उन्हें काफी नुकसान हुआ है। पूरा नुकसान का आकलन आगे लगने के बाद ही पता लग पाएगा।

### महिला ने खुद को स्वास्थ्य कर्मी बता दंपति को लगाया कैंसर रोकथाम का टीका, व्यक्ति की मौत

**गन्नौर: पुरखास राठी** गांव में एक महिला ने स्वास्थ्य कर्मी बता कर एक दंपति को कैंसर की रोकथाम के लिए टीका लगा दिया। टीका लगने के बाद व्यक्ति की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद स्वजन उसे खानपुर मेडिकल कालेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जांच में जुट गई। मृतक के बेटे ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास राठी गांव के परमिंदर ने बताया कि उसके पिता 45 वर्षीय दलबीर जनस्वास्थ्य विभाग में बतौर पंप आपरेटर कार्यरत थे। रविवार को वह घर पर थे। इस दौरान एक महिला आई, जिसने बताया कि वह खानपुर मेडिकल कालेज से आई है और कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण कर रही है। जिसके बाद उसके पिता दलबीर व मां ने टीकाकरण करवा लिया। टीकाकरण होने के कुछ देर बाद उसके पिता की तबियत बिगड़ गई। जिसके वह उन्हें उपचार के लिए तुरंत खानपुर मेडिकल ले कर गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परमिंदर ने बताया कि टीकाकरण के बाद उसकी मां पूरी तरह से स्वस्थ है। गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव स्वजन को सौंप दिया है।

बाइक सवार युवक की मौत

### तेज रफ्तार स्वीफ्ट डिजायर कार ने मारी टक्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के काछवा** गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। गंभीर अवस्था में उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आज दोपहर को शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक 27 वर्षीय रमन निवासी गांव बोहला खालसा के परिजन शिव कुमार ने बताया कि रमन युवा किसान था, जो खेतीबाड़ी का करता था। तीन दिन पहले ही राजस्थान में खाटू श्याम धाम में माथा टेकने के लिए गया था। शनिवार देर शाम को वह वहां से लौटा और गांव पूंडरक से अपनी बाइक उठाकर मेरे साथ गांव की तरफ जा रहा था। शिव कुमार ने बताया कि हम दोनों अलग-अलग बाइक पर थे। जब हम काछवा गांव के पास पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार कार आई और रमन की बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह सडक पर गिर गया और गाड़ी चालक उसे कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से रमन को वह अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर थाना के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया रमन के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनो के हवाले कर दिया है। राहगीरों द्वारा गाड़ी का नंबर नोट कर लिया गया था। जल्द ही गाड़ी चालक पुलिस की गिरफ्त में होगा। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वोट के मामले में मुकाबला भाजपा बनाम भाजपा है: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र में जन संपर्क के दौरान कहा कि इस आम चुनाव में हरियाणा में सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में मुकाबला भाजपा बनाम भाजपा है। सभी भाजपा के उम्मीदवार पिछले चुनाव में प्राप्त वोट से अधिक वोट प्राप्त करने के लिए मैदान में हैं, जबकि विपक्षी घमंडिया गठबंधन और उसका प्रमुख दल कांग्रेस के उम्मीदवार जमानत की इज्जत बचाने के लिए मैदान में जद्दोजहद कर रहे हैं। जनता का मिजाज बता रहा है कि घमंडिया का जमानत वाली इज्जत भी नहीं बचेगी। भाजपा के स्टार प्रचार ने अपने



जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पर तुष्टिकरण कि राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष चाह रहा है कि बहुसंख्यकों के अधिकार को अल्पसंख्यकों के एक खास संप्रदाय के लोगों को दे दिया जाए, लेकिन मोदी के रहते यह संभव नहीं है। कांग्रेस को कौरव वृत्ति का बताते हुए कहा कि वह जनभावना को अपमानित करने वाली पार्टी है। शहजादे राहुल के बाप-दादाओं ने भी यही किया था। आजादी के बाद कश्मीर में 370 लागू करके पुरे देश पर एक राज्य को हावी कर दिया था। राष्ट्र के माथे पर अपमानक का टीका एक देश में दो निशान नेहरु की देन थी। मोदी ने अपने कार्यकाल में देश के माथे से इस अपमान को खत्म कर किया।

**बूथ जीतो चुनाव जीतो**

पूर्व मुख्यमंत्री ने जनसम्पर्क के दौरान चुनाव जीतने का मंत्र देते हुए कहा कि बूथ जीतो और चुनाव जीतो। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी मजबूत है कि बूथ लेवल और उससे भी बढकर पन्ना प्रमुख तक संगठन है। वहीं कांग्रेस पर तंज कस्ते हुए कहा कि वहां उम्मीदवार के साथ प्रचार में साथ चलने के लिए कार्यकत्ता तक के लाले पड़े हुए हैं। जिनका जनता तक पहुंच नहीं है, वैसे हवा-हवाई विपक्ष को जनता नहीं वोट करेगी। उन्होंने अपने पार्टी के सभी कार्यकताओं,पदाधिकारियों व छोटे-बड़े नेताओं से सभी मतदातओं से वोट मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि बिना पूछे कोई रिश्तेदार के यहाँ नहीं जाता और यह तो वोट देने की बात है। जनता से पूछिए क्या-क्या हुआ है पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि अपने आसपास सभी से पूछिए कि मोदी सरकार में क्या हुआ है? मनोहर लाल ने क्या किया है? भाजपा कि डबल इंजन की सरकार में विकास के क्या-क्या कार्य हुआ? जनता बताएगी तो उसे भाजपा को वोट देने का वजह मालूम रहेगा। इससे जनता का सीधा जुड़ाव भाजपा के साथ और प्रगाढ़ होगा। जनता के पास वोट देने के अनगिनत वजहें हैं और उन्हीं वजहों पर हैं, हम उनसे वोट मांग रहे हैं।

# 'रक्तदान करने से रक्त की कमी नही होती बल्कि शरीर स्वस्थ रहता है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। एसआरके** स्किल सेंटर में रविवार को एक संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 33 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ समाजसेवी एवं पूर्व वार्ड पार्षद अंकिल मल्होत्रा ने सेंटर के संचालक जोगेन्द्र राजपुत के सहयोग से शिविर का शुभारम्भ किया। अंकित मल्होत्रा ने रक्तादाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए



कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती बल्कि हमारे शरीर को लाभ ही मिलता है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र ने बताया रक्तदान मुहिम को सभी मिलकर एक जन आंदोलन बनाए।

# सांझा साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सांझा साहित्य मंच,** करनाल की काव्य गोष्ठी आज स्थानीय मानव सेवा संघ हॉल में कैथल से आए वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर प्रद्युम्न भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस काव्य गोष्ठी में विशेष रूप से उपस्थित हुए कुरुक्षेत्र के साहित्यकार सूबे सिंह सुजान रहे और पानीपत से कमलेश कुमार पालीवाल हाजिर रहे। काव्य गोष्ठी में सबसे पहले पंजाबी कवि सुरजीत पातर के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया। कृष्ण कुमार निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह कविता के बहाने प्रकाशित होने पर उन्हें बधाई दी गई। काव्य गोष्ठी की शुरूआत करते



हुए युवा शायर विनोद वत्स ने कहा कि इबनो तुम मेरा मैं तुम्हारा बनूँगाइ इसहारा, सहारा, सहारा बनूँगाइ। अध्यक्षता कर रहे कैथल से पधारे और साहित्य अकादमी से सम्मानित शायर प्रद्युम्न भल्ला ने कहा कि इगैर को गर गले लगाओगेइ इजिंदगी क्या है जान जाओगेइ, इफिर जरूरत नहीं इबादत कीइ इकिसी रीते को गर हँसाओगेइ। तरावड़ी से उपस्थित हुए शायर जय भारद्वाज तरावड़ी ने कुछ यों कहा कि गालिब से अपने बेवजह की तू नहीं तकरार कर, अपने मुक्कदर से ज्यादा की नहीं दरकार कर। असंध से आए संस्कृत के विद्वान और साहित्यकार भारत भूषण वर्मा ने माँ को समर्पित होते हुए कहा कि मां की रहमत हुई, सारी खुशियाँ मिली, मां से है जिंदगी, माँ के बिन कुछ नहीं।कुरुक्षेत्र से पधारे सूबे सिंह सुजान ने अपनी गजल के माध्यम से कुछ यों कहा कि दुनिया में इस तरह भी बड़े काम हो गए, घर से निकाले जो गए राम हो गए। सतविंदर राणा जो कि नए मिजाज के शायर हैं, उन्होंने अपनी बात कुछ इस तरह से कही कि कभी इकरार से लडना पड़ेगा, कभी इनकार से लड?ा पड़ेगा। पानीपत से पधारे कमलेश कुमार पालीवाल ने कहा कि खुशबू को फैलने की तमन्ना तो है मगर, मुमकिन नहीं हवाओं से रिश्ता किये बगैर। वरिष्ठ शायर मुनिराज शर्मा ने कहा कि मां की महिमा कैसे गाऊँ, कोई तंत्र बताओ भगवन। शशि शर्मा जो कि करनाल से ही हैं, उन्होंने कहा कि चाहे समुंद्र मसी बन जाए, सूरज लेखनी रूप धरे, लुप्त हो स्याही धरा से, थक जाती है लेखनी।

# पानीपत की आधुनिकता में संस्कार : सुरेश पायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**धूमिल ना हो जाए** सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति सुरेश पायल ने कहे वे सबको रोशनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि पानीपत एक औद्योगिक नगर है औद्योगिक नगर की भाग दौड़ आधिकारिक होती जा रही है और महानगरीय रूप ले रही ऐसे में जरूरी है कि हम अपने मूलभूत मूल्य को ना भूले आपको रोशनी फाउंडेशन के अध्यक्ष सतवीर गोयल एवं कोषाध्यक्ष हरीश बंसल ने कहा की सबको रोशनी फाउंडेशन के माध्यम से पानीपत में ऐसे प्रकल्प लाने की आवश्यकता है जिससे परिवार एकजुट हो लोक अधिकार



अधिक समय अपने परिवारों को दें मोबाइल से थोड़ी दूरी बनाएं एवं पुराने संस्कारों का महत्व अपने जीवन में बढ़ाए हमारी संस्कृति महामानवों की टकसाल रही है, हर व्यक्ति का आचरण देवत्व से भरपूर रहा है। इन सब के पीछे था उनका प्रेरणाप्रद बचपन। हम सब जानते हैं कि हमारे व्यक्तित्व का विकास 5 - 7 वर्ष की उम्र२ तक हो जाता है, जिसे ध्यान में रखते हुए संस्कार परिपाटी का प्रचलन आरम्भ से ही रहा है।

पारिवारिक पंचशील और आस्तिकता से ओतप्रोत उत्कृष्ट वातावरण से बच्चों के दिव्य संस्कारों का रोपड़ सहज हो जाता था। बालक के बहुआयामी व्यक्तित्व के गढ़ने में माता पिता गुरु होते थे। वही समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान होता था।सबको रोशनी फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक विकास गोयल ने कहावर्तमान समस्याओं का एक मुश्त समाधान तथा श्रेष्ठ नागरिक गढ़ने का एक मात्र विकल्प है बालकों को संस्कारवान बनाना। बाल संस्कार शाला इसी महती आवश्यकता को पूर्ण करता है। नौनिहालोन के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की इस योजना में उन्हें मानवीय मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाता है। बच्चों के माध्यम से सांस्कृतिक सामाजिक परिवर्तन सरल है।

# गैंगस्टर दिलेर कोटिया के शूटरों पर 50 हजार का इनाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में कुख्यात** गैंगस्टर दिलेर कोटिया के शूटरों पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। सेक्टर-14 में कालरम गांव के सुमित पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के मामले में पुलिस को इनकी तलाश है। करनाल पुलिस 11 दिन बाद भी इनका कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बिना नंबर की बाइक पर आए बदमाशों ने कुल 7 राउंड फायर किए थे। मधुबन थाना के गांव कालरम निवासी सुमित का मुगल कैनाल करनाल में बालाजी इंटरनेशनल कूरियर के नाम से करनाल के चार चमन में ऑफिस है। वह 30 अप्रैल को शाम के करीब पांच बजे अपने ऑफिस से बुलेट पर सवार



होकर गांव की ओर जा रहा था। जब वह सेक्टर-14 में पंडित चिरंजी लाल कॉलेज के समीप पहुंचा तो राणा अकादमी के सामने स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और सुमित पर एक के बाद एक करीब 7 गोलियों दाग दी।

# मॉडर्न शिक्षा सदन देहरा का 10वीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत,

## छात्रा कशिश ने 487 अंकों के साथ प्रथम तो छात्रा श्रविष्ठा ने 486 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**गांव देहरा में स्थित** मॉडर्न शिक्षा सदन देहरा ने बच्चो ने इस वर्ष नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए हल्के में अन्य स्कूलों की तुलना में 10वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के कुल 59 विद्यार्थियों में से 40 बच्चों ने मेरिट हासिल की। जिसमे छात्रा कशिश ने 487 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही छात्रा श्रविष्ठा कश्यप ने 486 अंकों के साथ द्वितीय स्थान, छात्रा भावना 483 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल



किया। स्कूल प्रिंसिपल कृष्ण चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। कुल 28 छात्राओं में से 26 ने 80% से अधिक अंक हासिल किए हैं। 10 बच्चों ने 95% से अधिक अंक हासिल किये । छात्रा मानसी ने 482, नेहा 481, सिमरन 480, लक्षिका 479, हंसिका 476, कृतिका 475 अंकों के साथ कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल प्रबंधक राकेश गाहल्याण ने इस उपलब्धि के लिए सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय ग्रामीण परिवेश में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसके लिए विद्यार्थी अभिभावक व स्टाफ सभी बधाई के पात्र हैं। बच्चों से आह्वान किया कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी उतना ही महत्व है। सच्ची लगन व मेहनत के सामने कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता। उन्होंने बच्चों से उम्मीद की कि वह आगे भविष्य में भी इसी तरह कामयाबी का सफर जारी रखेंगे और देश के निर्माण में अपना अतुल्य योगदान देंगे।

नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले विद्यार्थियों का स्कूल सदस्यों के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर मुँह मीठा कराया गया। जिससे विद्यालय में जस्न का माहौल रहा। इस अवसर पर प्रिंसिपल कृष्ण चंद्र,अरुण गोस्वामी, जोगिंदर,सोनू त्यागी, सुमन, प्रमोद, संजीव, योगेंद्र,रुक्मणी, ममता,मंजू आदि

# बाल कल्याण सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: बाल कल्याण सीनियर** सैकेंडरी स्कूल राजलू गढ़ी की हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर छात्रों में खुशी की लहर है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। 16 छात्रों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में परनीत सेलवाल ने 495/500 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम




स्थान, द्वितीय स्थान प्रीति ने 488/500 व तृतीय स्थान प्रीति राठी ने 484/500 अंक प्राप्त करके किया। चौथे स्थान पर पलक ने 483/500 अंक प्राप्त किए। स्कूल का बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय प्रधानाचार्या मीना ने स्कूल के मेहनती शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी।

# चांदनी चौक: महिला सम्मेलन में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं में रहा भारी उत्साह






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा सीट से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल की जीत सुनिश्चत करने के लिए चांदनी चौक लोकसभा महिला मोर्चा की बैठकों व सम्मेलनों का भी दौर क्रमबद्व तरीके से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महिला मोर्चा की टीम जी तोड़ मेहनत करने में जूटी हुई हैं।

इस क्रम में चांदनी चौक महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गीता सक्सेना के नेतृत्व में शक्ति नगर स्थित ड्रीम पैलेस बैंक्वट हॉल में महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से जिला, मंडल, विधानसभा की सैंकडों महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित हुई।

**खंडेलवाल को जीताने के लिए करेंगें दिन-रात एक:** सम्मेलन के दौरान चाँदनी चौक ज़िला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह और महामंत्री परवीन जैन के साथ-साथ बतौर मुख्य अतिथी के रूप में दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा से हिनू महाजन, सरिता तोमर, सीमा निगम, उषा शर्मा के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी महिला मोर्चा पदाधिकारी उषा वाजपयी के साथ ही वीना चटराहट, अनिता ठाकूर, मंजू अग्रवाल, श्वेता जैन, दूर्गेश बंसल, सुमन गर्ग, मनी असडी बहल, वीना बहल, संजना (बिट्टू) संगीता मोंगा ने महिला सम्मेलन का सफलता पूर्वक आयोजन करवाने के लिए कार्यक्रम की व्यवस्था की सारी बाग-डोर संभाली।

**गीता सक्सेना ने महिलाओं का दिलाई शपथ:** सम्मेलन के दौरान चांदनी चौक महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गीता सक्सेना ने सम्मेलन में आई सभी महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता को शपथ दिलवाई की इस बार खंडेलवाल को जीताने के लिए हम महिलाएं दिन-रात एक करके विजय हांसिल करवाऐंगे और इतना ही नही आने वाली 25 मई को अपना तो वोट खंडेलावाल को देना ही है इसके साथ ही अपने आस-पास प्रत्येक महिलाओं को भी कमल के बटन को दबाने के लिए कहेंगी और प्रवीण खंडेलवाल की जीत का शंखनांद करेंगे।

## गांवों के मालिकाना हक की फाइलें क्यों दबा कर बैठी है दिल्ली सरकार: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत** संघ ने दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री से मांग की है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने से पहले वह दिल्ली के गांवों को पूर्ण मालिकाना हक दिलवाने का काम करें। आपके शहरी विकास मंत्रालय व विभाग कार्यालय में दिल्ली के ग्रामीणों के गांवों को लाल डोरा व विस्तारित लाल डोरा की आवासीय आबादी को पूर्ण रूप से नियमित कर मालिकाना हक के लिए 130 गांवों की 244 फाईलें वर्ष 2013 से धूल चाट रहीं हैं। पहले उनको अधिकार देने का काम करें।
वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि दिल्ली देहात व गांवों में बिजली,पानी के कनेक्शन देने में परेशान किया जा रहा है, इसके लिए परेशान करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।



पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की जहां दिल्ली को गांवों का शहर कहा जाता था।आज दिल्ली देहात व गांवों को अपना अस्तित्व बचानें की लडाई लड़नी पड़ रही है। इस पर दिल्ली सरकार कोई बात नहीं करती। वहीं गांवों को लाल डोरा विस्तारित लाल डोरा में बांधकर परेशान किया जा रहा है।

**दिल्ली की यमुना नालों में हूई तब्दीली से कब मिलेगी मुक्ति:** यमुना नदी को नालों में तब्दील किया जा रहा है। यह विश्व की सबसे सुंदर नदी कब बनेगी।दिल्ली पंचायत संघ ने कहा चुनावों के दौरान जो बातें हो रही है।

## चुनाव प्रचार अभियान में जुटा अग्रवाल परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए अब उनकी पत्नी सरिता अग्रवाल, पुत्रवधु विधि अग्रवाल, पोती काश्वी अग्रवाल, भतीजी निकिता अग्रवाल,बिन्दु अग्रवाल व इंदू अग्रवाल जेपी अग्रवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी मैदान में उतर गई है।



**जेपी अग्रवाल के लिए उनकी पत्नी ने कैंपेन करके मांगा वोट:** जयप्रकाश अग्रवाल के लिए सरिता अग्रवाल की महिला टीम ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में महिलाओं के साथ मीटिंग की। सरिता अग्रवाल ने महिलाओं को जयप्रकाश अग्रवाल के चुनावी इतिहास, लोगों से उनका जुड़ाव, कार्यशाली व क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के संबंध में उनके विजन के बारे में बताते हुए महिलाओं से अग्रवाल को चुनाव में पूर्ण समर्थन देने तथा वोट देने की अपील की।

**महिलाओं ने सरिता अग्रवाल को जीत दिलाने का किया वादा:** मीटिंग में मौजूद महिलाओं ने जयप्रकाश अग्रवाल को भारी बहुमत से जिताने का भरोसा दिलाया। सरिता अग्रवाल व निकिता अग्रवाल की टीम ने पूर्व पार्षद प्रेरणा सिंह के साथ जेपी अग्रवाल के समर्थन में किशनगंज गोपाल मंदिर झुग्गी, लुहारो के यहां,अम्बा बाग, धोबी घाट व अन्य इलाकों में घर- घर जाकर प्रचार किया। इसके अलावा जयप्रकाश अग्रवाल ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र प्रमुख नेताओं के साथ संगम पार्क व आसपास के इलाकों में पदयात्रा कर लोगों से जन समर्थन मांगा और वोट देने की अपील की। इसके अलावा संत नगर रानी बाग में हुई एक मीटिंग में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि चुनाव में जयप्रकाश अग्रवाल को भारी बहुमत से विजय श्री दिलाई जाएगी।

**कार्यक्रम में कई नेता रहे शामिल:** मीटिंग में दिल्ली के पूर्व मंत्री आम आदमी पार्टी के नेता जितेंद्र तोमर, अश्वनी कुमार, दीपिका देशवाल, कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी चमन लाल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र गोयल, रमेश वाधवा, धर्मेंद्र सोलंकी,इंद्र गुलाटी,कैलाश खुराना, सतीश लूथरा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता, व समाजसेवी मौजूद थे।

# रानी बाग: जेपी अग्रवाल के समर्थन में बढ़ रहा लोगों का विश्वास






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने शकूर बस्ती विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय का उद्घाटन संत नगर चौक रानी बाग में किया गया। इस दौरान उनके साथ दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर के साथ-साथ पार्टी के सैंकडो कार्यकर्ता व दोनों पार्टी के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान जितेंद्र तोमर ने लोगों को संबोधित करते हुए एक साथ मिलकर काम करने के लिय कहा व उन्होंने यह भी कहा कि इस बार हमारे इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल को भारी मतों से जितवाना है।

**सैंकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता रहे मौजूद:** कार्यालय के उद्घाटन के बाद जय प्रकाश अग्रवाल ने अपने सैकड़ों सर्मथकों चमन लाल शर्मा, रविंद्र गोगिया, चरणजीत गुलाटी, पूर्व नगम पार्षद राजीव यादव, अशोक गंगवाल के साथ-साथ सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ पदयात्रा का शुभारंभ किया, जो कि कार्यालय से चलकर राम हैंडलूम से होते हुए लिबर्टी शोरूम, सब्जी मंडी, झंग भवन, कैप्टन सतीश मार्ग, ऋषि नगर मार्किट, रानी बाग मैन बाजार से होती हुई वापस कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुई।
पदयात्रा के बाद अग्रवाल के सर्मथन में सी ब्लॉक पुष्पांजलि एनक्लेव पीतमपुरा में पूर्व प्रत्याशी निगम सतीश लूथरा द्वारा मीटिंग का आयोजन भी किया गया जिसमें कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने का संकल्प लिया।

## जाट सभा ने किया भाजपा प्रत्याशी चंदौलिया का अभिनंदन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रोहिणी सेक्टर** 7 स्थित वात्सल्य सेवा सदन मे जाट सभा रोहिणी द्वारा भाजपा उत्तर पश्चमी लोकसभा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी ओ पी धनखड़ उपस्थित रहे। वहीं अन्य अतिथियों मे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुभाष महेरिया, विधायक विजेंद्र गुप्ता लोकसभा प्रभारी राजकुमार भाटिया, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण गौतम सहित कई नेतागण उपस्थित रहे। अपने संबोधन मे भाजपा के दिल्ली चुनाव प्रभारी ओपी धनखड़ भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया के लिए जाट समाज के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में वोट की अपील की। इस मौके पर उन्होंने जाट समाज के लोगों के हितों की भी बात की। साथ ही इस दौरान जाट समाज को और किसानों को जोड़ते हुए कहा कि देश की एकमात्र नरेंद्र मोदी सरकार है जो ना केवल किसानों के बारे में सोचती है बल्कि किसानों के हितों के बारे में भी कार्य भी करती है। इस दौरान उन्होंने किसानों के लिए चलाई गई मोदी सरकार की कई योजनाओं का भी बखान किया। इस मौके पर जाट सभा रोहिणी के अध्यक्ष आर्य मुनी, उपाध्यक्ष राजेश छिल्लर, महासचिव निर्मला चहल एवं समुद्र सिंह विजयरण सहित संस्था के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



वजीरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल ने घर-घर जाकर वोटर पर्चियों का वितरण किया। प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 10 वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों बतायीं।



# योगेंद्र चंदोलिया के रोड़ शो में बढ़ रहा है जनाधार, मिला लोगों का समर्थन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: जैसे-जैसे** दिल्ली में गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे चुनावी माहौल भी अपने चरम पर है। झुलसाने वाली गर्मी के बीच नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में उत्तर पश्चिमी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में रोड़ शो निकाला गया, जिसमें हज़ारों से ज्यादा पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रीय लोग भी शामिल हुए।

**कई दिग्गज नेता हुए रोड शो में शामिल:** रोड शो के दौरान योगेंद्र चंदोलिया के चुनावी रथ पर उनके साथ दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय रावत, नांगलोई विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज शौकिन, वार्ड 48 से निगम पार्षद मोनिका गोयल, वार्ड 24 की निगम पार्षद पुनम सैनी, जिलाध्यक्ष राम सिया शरण,मंडल अध्यक्ष राजवीर कश्यप, जिला मंत्री व मंडल प्रभारी हेमलता वरूण के अलावा जिला व मंडल के सैकडों पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस रोड़ शो मे शामिल रहे।

**जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत:** इस मौके पर भाजपा योगेंद्र चंदोलिया ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही कहा कि भाजपा की एक ही नीति है और वो नीति है लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस मौके पर जगह-जगह चंदोलिया का स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर-के स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद मोनिका गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास करके दिखाया है आज भाजपा के राज में देश में नई-नई योजनाएं लागू हुई है, जिससे देश के लोग काफी खुश हैं और विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे हैं वहां के लोग भाजपा से काफी खुश नज़र आ रहे है, और दिल्ली की जनता भी भाजपा के समर्थन मे पूरी तरह से नज़र आ रही है।

# 25 मई को कमल का बटन दबाकर मोदी जी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं: नायब सैनी

**स्वाभिमान रैली**

**▶▶जोगी समाज ने पहली बार राजनीतिक रूप से किसी राजनीतिक दल का समर्थन किया**




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जोगी समाज के लोगों से अपील की है कि वह 25 मई को कमल का बटन दबाकर ओबीसी समाज को मजबूत करने का काम करें। मुख्यमंत्री सैनी रविवार को जोगी समाज द्वारा आयोजित स्वाभिमान रैली को संबोधित कर रहे थे। इस रैली का आयोजन करनाल जोगी समाज द्वारा किया गया था।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से देश को मजबूत करने का काम किया है वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न तो आंख झुका कर बात करते हैं और न ही आंख उठा कर बात करते हैं, वह दुश्मन के साथ आंख में आंख मिलाकर बात करते हैं। जब पाकिस्तान के आतंकवादियों ने देश में सैनिकों पर हमला किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सेना को खुली छूट देकर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को ठिकानों को ध्वस्त कराने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीबी के खिलाफ जिस प्रकार की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लड़ रहे हैं उससे गरीबी को समाप्त करने में मदद मिल रही है। अब सरकार ने ह्लपीएम सूर्य योजनाह्न के तहत हर घर का बिजली का बिल शून्य करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज कांग्रेस और उसके घमंडियां गठबंधन के लोग एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात करते हैं। विपक्ष के नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। कांग्रेस ने 35 साल तक गरीबी हटाओ के नारे पर वोट लिया और गरीबी को हटाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस के लोग झूठ बोलकर वोट लेना चाहते हैं, लेकिन लोगों को उनका यह झूठ समझना है, साथ ही अपने संपर्क के दूसरे लोगों को भी यह बात समझानी है कि कांग्रेस के झूठ के झांसे में ना आएं।

**हर समस्या का समाधान किया जाएगा** मुख्यमंत्री ने कहा कि जोगी समाज की कुछ समस्याएं हैं। अभी आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए वे कोई घोषणा नहीं कर सकते। जोगी समाज के लोगों को विश्वास दिलाते सीएम सैनी ने कहा कि 4 जून के बाद समाज के लोगों को बैठाकर उनकी एक-एक समस्या का समाधान किया जाएगा।

# देश की मजबूती के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी: भड़ाना

**जन संवाद**

**▶▶पूर्व मुख्यमंत्री *मनोहर लाल ईमानदार उन्हें भारी मतों से विजयी बनाये :करतार भड़ाना***



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा 12 मई ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा के पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने रविवार को अपने समालखा आवास पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समर्थन में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जुटे अपने हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री भड़ाना ने कहा कि देश की मजबूती के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए पीएम मोदी को 400 पार का बहुमत देना होगा।भडाना यही नहीं रूके उन्होंने कहा कि मोदी के 400 पार में करनाल लोकसभा से चुनाव लड रहे मनोहर लाल खट्टर की जीत भी शामिल होनी चाहिए।

भडाना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ईमानदारी की मिशाल है। उन्होंने बिना खर्ची व बिना पर्ची के सबको रोजगार दिया। अब हमारी बारी है। उन्होंने अपने समर्थकों से मनोहर लाल को करनाल से देश में सर्वाधिक मतों से जीताकर संसद में भेजने की अपील की।

दो बार समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पूर्व मंत्री करतार भड़ाना ने जन संवाद कार्यक्रम में एक बार फिर अपनी कसम को दोहराते हुए कहा कि वह अपनी जुबान का धनी है उन्होंने कसम खाई हुई है कि वह जीवन भर हरियाणा में चुनाव नहीं लडेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकारिता जगत को संजय शर्मा द्वारा दिया गया योगदान सदैव याद रहेगा-प्रदीप बालरोड़िया



**टीम एक्शन इंडिया/नांगल चौधरी/नारनौल**
निष्पक्ष, नीडर व साहसी पत्रकार के रूप में जाने जाने वाले नांगल चौधरी ब्लाक खंड के वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा का आकस्मिक निधन कई मायनों में नांगल चौधरी ही नहीं वरन जिला महेंद्रगढ़ पत्रकारिता के लिए अपूर्णीय क्षति है। पत्रकारिता के साथ ही उनका सामाजिक योगदान भी क्षेत्र के लिए अविस्मरणीय रहेगा।कर्मठ, जुझारू व ईमानदार व्यक्तित्व के धनी संजय शर्मा लंबे अरसे से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। किसी भी स्थान पर शर्मा की उपस्थिति ही असामाजिक तत्वों में डर पैदा करती थी। किसी भी दबाव में उनकी कलम झुकने को तैयार नहीं रही। जिसका सबसे बड़ा कारण रहा उनकी ईमानदारी। संजय शर्मा का दाह संस्कार उनकी कर्म-भूमि नांगल चौधरी के शिवधाम में सुबह 9:00 किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व जिला महेंद्रगढ़ के अनेक पत्रकार मौजूद रहे। हरियाणा पत्रकार संघ जिला इकाई महेंद्रगढ़ के प्रधान प्रदीप बालरोड़िया ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा"संजय शर्मा द्वारा पत्रकारिता जगत को दिया गया योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।"

### यमुनानगर: भाजपा ने 10 वर्षों में हर वर्ग के साथ धोखा किया है: रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी (इंडिया गठबंधन) के उम्मीदवार वरुण चौधरी के पक्ष में सढौरा विधायक रेनू बाला ने खंड जगाधरी के गांव रटौली व रूल्लाखेड़ी में रविवार को नुक्कड़ जनसभाएं कर अपना वोट देने की अपील की।

इस मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की बीते 10 साल की सरकार ने किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाएं,आंगनवाडी वर्कर, आशा वर्कर, पहलवान बेटियां व युवाओं के साथ धोखा किया है और उनके सपनों को चूर-चूर कर दिया है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में जब भी किसी ने अपनी आवाज उठाने की कोशिश की तो उसकी आवाज को दबाने के लिए बीजेपी ने अपनी दमनकारी रणनीति दुनिया के सामने पेश की। उन्होंने कहा कि आज महंगाई की मार से हर गरीब और माध्यम वर्ग की रसोई का बजट बिगड़ गया है। भाजपा ने पूरे देश की संपत्ति अदानी अंबानी को बेच दी है। सरकार यहां पर बेरोजगारों को नौकरी नही दे रही है और विदेशों में नौकरी के लिए भी रही है। वहां पर इन युवाओं का भविष्य खतरे में है।

उन्होंने कहा कि अगर आप लोग सभी इंसाफ चाहते हैं, न्याय चाहते हैं तो आने वाली 25 मई को कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर बिजली की 300 यूनिट हर परिवार को फ्री दी जाएगी, बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बिना किसी शर्त के 6000 रुपए हर महीना प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रसोई गैस सिलेंडर की ब्लैक करता आरोपी पकड़ा, 46 सिलेंडर बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
रसोई गैस सिलेन्डर को ब्लैक में सप्लाई करने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने 46 सिलेन्डर पिकअप गाडी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी आसिफ गांव कैली सेक्टर-58 का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम एएसआई सुनील मुख्य सिपाही प्रविन्द्र, अनुराग, सिपाही रिंकू ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-58 एरिया से काबू किया है।

आरोपी से मौके पर पिकअप गाडी में 46 सिलेन्डर बरामद हुए है। जिसके लिए मौके पर फूड स्पलाई इंस्पेक्टर गिरीश मिश्रा के सामने पूछताछ की गई। आरोपी सिलेन्डरों का कोई बिल पेश नही कर पाया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किसी के लिए गाडी चलाता है। जिसके लिए उसको 15000 रुपये तनख्वाह मिलती है। आरोपी

### हिसार में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में मेधावी छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
श्री परशुराम शिक्षा मठ ट्रस्ट व श्री बालाजी अकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में न्यू माडल टाउन में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

रविवार को आयोजित समारोह की अध्यक्षता मास्टर पंकज वशिष्ठ भगाणा ने की। इस अवसर पर मुख्य श्री परशुराम शिक्षा मठ ट्रस्ट के संस्थापक विजेंद्र अत्री उर्फ मेजर पंडित ढंढेरीवाला ने छात्रों को भगवान परशुराम की शिक्षाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने इस धरती से अत्याचार को समाप्त किया था।

# देश में विकास जारी रखने के लिए भाजपा सरकार बनवाने में दें योगदान: भट्ट

**अभियान**

**▶▶* पानीपत जिला में 16 मंडल, 196 शक्ति केंद्र के 870 बूथों पर चल रहा अभियान**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए गए दो दिवसीय जन संपर्क अभियान के तहत भाजपा नेता घर-घर जाकर मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं अभियान के पहले दिन भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बूथ न. 111 के सेक्टर 6 में लोगों से संपर्क किया और भाजपा के केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बतायो उन्होंने कहा कि देश में विकास का क्रम जारी रखने के लिए हर एक मतदाता कमल के निशान पर भाजपा को वोट देते हुए केंद्र में भाजपा सरकार बनवाने में अपना योगदान जरूर दें` जिला अध्यक्ष भट्ट ने कार्यकताओं के साथ घर-द्वार पर ह्यफिर एक बार- मोदी सरकारह्न के स्टिकर भी चस्पा किए`इसी प्रकार हरियाणा सरकार में पंचायत, विकास एवं सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने एल्डिको एस्टेट के बूथ नं 37 में मतदाताओं से नरेंद्र मोदी को विजयी बनाने की अपील की ` पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने मॉडल टाउन के बूथ नं 112 में जनसंपर्क कियो इसके साथ ही विधायक विज ने सनौली रोड पर भी जनसंपर्क किया` युवा नेता चांद भाटिया ने मॉडल टाउन के बूथ नं 114 पर घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

पूर्व मेयर अवनीत कौर ने सेक्टर 11 के बूथ नं 155 पर घर-घर जाकर मतदाताओं से कमल के निशान पर मत देने की अपील की ` इसी प्रकार राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने मतलौडा के बूथ नं 42, समालखा से भाजपा नेता संजय छोक्कर ने पट्टी कल्याणा में बूथ नं 202, जिला परिषद की पूर्व चेयरमैन ज्योति शर्मा बिहोली ने बूथ नं 114 पर मतदाताओं से संपर्क कर केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए कमल के निशान वाला बटन दबाने की अपील की`

# 74 वर्षीय वृद्धा की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की किशनपुरा चौकी पुलिस ने किशनपुरा में 74 वर्षीय वृद्धा की हत्या करने मामले में आरोपी को शनिवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सचिन निवासी बदा केसरवा कला शामली यूपी हाल किशनपुरा गली नंबर 2 के रूप में हुई।

किशनपुरा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रियासत जेल भेजा गया।

सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की किशनपुरा चौकी में बिहार के गया जिले के डोलमा गांव निवासी महिला मंजू ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि वह काफी वर्षों से पति अनिल व बच्चों के साथ किशनपुरा में किराए के मकान में रह रही है। उसकी मां चिंता देवी (74) काफी दिनों से उसके पास रह रही है।

10 मई की सुबह करीब 9 बजे पड़ोस में रहने वाली आरती पत्नी सुनील का नरेश व उसकी पत्नी के साथ झगड़ा हो रहा था। आरती उसको घर से बुला कर ले गई। नरेश व उसकी पत्नी उसके साथ भी झगड़ा करने लगे और गली में नीचे गिरा दिया। आसपास के लोगों ने उसको छुड़ाया। वह वापिस अपने घर आ गई।

### नाबालिग लड़की बालिका वधु बनने से बची

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
रविवार को बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम ने अपनी सतर्कता से एक बालिका को वधु बनने से बचाया है। टीम ने नाबालिग की शादी को रूकवाया। साथ ही परिजनों को फिर से विवाह न करने के लिए चेताया। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान को सूचना मिली थी कि शहर के अपराही मोहल्ला में एक नाबालिग लडकी की शादी हो रही है। लडकी की बारात सोनीपत से आएगी। इस पर कार्रवाई करते हुए सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान, महिला सिपाही आरती, नीलम, सिपाही सुरेंद्र, प्रवीण के साथ मौके पर विवाह स्थल पर पहुंचे।

# हरियाणा बनाओ अभियान की कार्यकारिणी का विस्तार



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा बनाओ अभियान की एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए 22 जिला संयोजक 72 तहसील संयोजक, 154 शहर और कस्बे, संयोजक एवं 7356 ग्राम संयोजक की नियुक्ति एवं 22 जिला समितियों का गठन करने का निर्णय किया गया है। बैठक में हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक रणधीर सिंह बधरान एवं अन्य पदाधिकारियों सुरेंदर बैरागी, यशपाल राणा एडवोकेट, रविकांत सैन एडवोकेट, चंद राम नरवाल एडवोकेट, धर्मपाल छाछिया एडवोकेट, जोगिंदर राणा, धर्म चोपड़ा व रघुबीर सिंह ठाकुर शामिल हुए।

**बैठक**


**▶▶नेताओं पर दबाव बनाने के लिए आने वाले दिनों में पूरे हरियाणा में बड़ी बैठकें बुलाई जाएंगी।**

अब इस मुद्दे पर हरियाणा के राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाने के लिए आने वाले दिनों में पूरे हरियाणा में बड़ी सार्वजनिक बैठकें बुलाई जाएंगी। हरियाणा के अलग उच्च न्यायालय और हरियाणा की सीमा में नई राजधानी की मांग हरियाणा का महत्वपूर्ण मुद्दा है, बहुत जल्द वह इस मुद्दे को राज्य स्तर पर उजागर करेंगे। इस मुद्दे पर अपना समर्थन देंगे नई राजधानी और हरियाणा का अलग उच्च न्यायालय, हरियाणा बनाओ अभियान' समाज के सभी वर्गों से समर्थन प्राप्त करने के लिए हरियाणा में दैनिक बैठकें आयोजित कर रहा है।हरियाणा बनाओ अभियान हरियाणा ने राजनीतिक नेताओं से हरियाणा के क्षेत्र में नई राजधानी और हरियाणा के नए उच्च न्यायालय के मुद्दे को हल करने के लिए राजनीतिक स्तर पर अभियान का समर्थन करने की मांग की। अभियान ने यह स्पष्ट कर दिया कि हरियाणा के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय की मांग सौंपी जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार या दल अभियान में हरियाणवी जनता की मांग का विरोध कर रहा है तो चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

# साइबर पुलिस ने 13 मुकदमों में 24 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**साइबर अपराध**

**▶▶13 मामले साइबर एनआईटी 4 साइबर सेंट्रल 03 तथा 06 मामला साइबर बल्लबगढ़ ने सुलझाया है।**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
साइबर पुलिस की पुलिस टीम ने तीन से नौ मई तक चलाए गए अभियान के तहत साइबर अपराध के 13 मुकदमों में 24 आरोपी गिरफ्तार कर 12,85,111 रुपए बरामद किए है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में साउथ एक्सटेन्सन नई दिल्ली के आवेश कुमार,उत्तर प्रदेश के लखनऊ के विजयन खंड गोमती नगर के दिव्यांश, उत्तर प्रदेश के लखनऊ विजयन्त खंड मल्लौर का आशीष, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बुद्ध विहार के आदिश, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गांव उचेर पोस्ट गिरघरपुर का वरुण, सेक्टर-58 फरीदाबाद के आसुबी,नई दिल्ली लाडो सराय के शंभु चौधरी, योगेश राजस्थान के जयपुर का, आरोपी राजस्थान के जयपुर के सवर्माल, अशोक नगर दिल्ली के सुमित का, बिहार के सर्वोदय नगर का अंजु, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का सुधीर, हरियाणा के यमुनानगर की ग्रीन विहार कॉलोनी का, बिहार के गया जिले के गांव गुजापी के आकाश व आकाश, उत्तम नगर दिल्ली के शुभम, आरोपी सेहित राजस्थान के अलवर का, उत्तर प्रदेश के नोएडा के आशीष का , महाराष्ट्र के एनेन्यू गलोबल सिटी विहार का, गुजरात के अहमदाबाद के रवि तथा गुजरात के अहमदाबाद का रहने वालो के नाम शामिल है। जिन्हें दिल्ली एनसीआर, यूपी,गुजरात, महाराष्ट्र, इत्यादि स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।

13 मामले साइबर एनआईटी 4 साइबर सेंट्रल 03 तथा 06 मामला साइबर बल्लबगढ़ ने सुलझाया है। 155 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 30,01,247 रुपए रिफंड व 35,00,000 रुपए बैंक खातों में

# अमित शाह 16 को गुरुग्राम और 17 को करनाल-रोहतक में करेंगे रैलियां: बराला

**संपर्क अभियान**

**▶▶हर बूथ, हर घर संपर्क अभियान में 19 हजार 800 बूथों पर मिला जनता का समर्थन और आशीर्वाद**




**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा का चुनाव प्रचार अभियान धीरे-धीरे अपने चरम की तरफ बढ़ रहा है। प्रचार अभियान को और तेज गति देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की तीन रैलियां तय हुई है। उत्तराखंड और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी हरियाणा में जनसभाएं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हरियाणा में तीन से चार रैली करेंगे। सुभाष बराला ने रविवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इससे पहले श्री बराला ने जींद के रिपोर्टर परमजीत सिंह और संजय शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और अपनी तरफ से तथा पार्टी की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की। इस मौके पर श्री बराला के साथ प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग और लोकसभा चुनाव सह प्रमुख प्रवीण अत्रे भी उपस्थित रहे।

पत्रकार वार्ता में सुभाष बराला ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 16 मई को गुरुग्राम में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17 मई को करनाल लोकसभा और रोहतक लोकसभा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री बराला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तीन से चार रैलियां होंगी हालांकि अभी तिथि और समय निश्चित नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल 13 मई को असंध और 14 मई को सोनीपत लोकसभा के जुलाना और इसी दिन शाम को बहादुरगढ़ में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा कई बड़े नेता हरियाणा में जनसभाओं को संबोधित करने पहुंचेंगे।

विधानसभा अनुसार चल रहे चुनाव अभियान पर बोलते हुए सुभाष बराला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी दलों से पहले अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। हमारे उम्मीदवार लगातार मैदान में हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल समेत पार्टी के तमाम नेता, कार्यकर्ता, सांसद, मंत्री और विधायक तथा उम्मीदवार मैदान में हैं।

उन्होंने कहा कि अब 82 से ज्यादा विधानसभाओं में विजय संकल्प रैलियां संपन्न हो चुकी हैं।

श्री बराला ने कहा कि चुनाव में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह से सक्रिय है। 11 और 12 मई को चले हर बूथ, हर घर संपर्क अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि प्रदेश के 19 हजार 800 बूथों पर यह अभियान चलाया गया है।

# धनखड़ ने बादली में चलाया हर घर बूथ संपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/बादली**
हर घर बूथ संपर्क अभियान के दौरान बादली विधान सभा क्षेत्र के बूथ नंबर 85-86, गांव बादली में चुनाव प्रचार करते भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि हरियाणा और दिल्ली की जनता मोदी जी को फुल आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का प्रभारी होने के नाते वहां पर भी प्रचार के दौरान लोगों से मिलना होता है और हरियाणा की जनता तो चलती ही मजबूत नेता के साथ और मोदी जी से मजबूत नेता कोई नहीं है धनखड़ ने बूथ संपर्क अभियान के दौरान घर घर जाकर 25 मई को कमल का बटन दबाने का किया मतदाताओं से आहवान किया । उन्होंने कहा कि मोदी जी ने समान नागरिक संहिता कानून बनाकर लागू करने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। बादली हल्के के मतदाता कमल का बटन दबाकर दोनों बड़े कार्यों में भागीदार बनें धनखड़ ने बादली ने बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि हमारा युवा वर्ग महाराणा प्रताप, वीर योद्धा हरबीर गुलिया, रिसालदार बदलूराम, पंडित श्रीराम शर्मा, राव मंगलीराम जैसे वीरों से प्रेरित होकर देश हित के कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि पिछली बार की तरह हरियाणा और दिल्ली की सभी 17 सीटों पर कमल खिल रहा है और मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।



ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 13 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## लोहा बेल्डर बन गया अवैध असलहा फैक्ट्री मालिक

**झांसी: जल्दी धनवान बनने के चक्कर में** लोहा बेल्डर बेल्डिंग करते करते अवैध असलहा फैक्ट्री का मालिक बन बैठा। स्वाट व प्रेमनगर पुलिस ने ऐसी ही अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से करीब दर्जन भर तमंचे व अधबने असलहों समेत उपकरण बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया। पिछले करीब 1 साल से अवैध असलहों की फैक्ट्री में अवैध कारोबार फल फूल रहा था। पुलिस इन तीनों से असलहा खरीदने वालों की तलाश कर रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के जिला व पुलिस प्रशासन कमर कसे हुए हैं। इसी के मद्देनजर अवैध शराब व अराजकता के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार ने खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि स्वाट टीम और प्रेमनगर पुलिस ने देर रात बदमाशों के खिलाफ अभियान चला रही थी। तभी प्रेमनगर क्षेत्र स्थित एसी लोको शेड के पास जंगलों में छापेमारी करते हुए रंजित यादव निवासी मध्यप्रदेश के जिला दतिया मकरारी, धर्मेंद्र यादव निवासी आजाद पुरा नगरा व राकेश झा निवासी राजीव नगर नगरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 तमंचा 315 बोर, सात अधबने, 12 बोर,, 32 बोर के बरामद किए। साथ ही असलहा बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरण छैनी, हाथौड़ा, लकड़ी, नाल रैती सहित कई उपकरण बरामद किए। उन्होंने बताया पकड़े गए तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## मतदान सम्पन्न कराने को 418 माइक्रो आब्जर्वर्स

**कानपुर: लोकसभा चुनाव** के चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान को सम्पन्न कराने के लिए 48 जोनल मजिस्ट्रेट और 304 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 418 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि जनपद कानपुर नगर के मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 70 माइक्रो ऑब्जर्वर्स तैनाती की गई है। इसी तरह कानपुर नगर लोकसभा क्षेत्र गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 35 माइक्रो आब्जर्वर की निगरानी में मतदान कराया जाएगा।

# 4 जून के बाद माफिया मुक्त होगा यूपी: योगी

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजम खान को बताया महाभारत का 'काका श्री'

चेतावनी दी

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया को एक बार फिर चेतावनी दी है। साफ कहा है कि चार जून के बाद हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-आफ तारीख तय करेगी। कहा, सभी माफिया नेताओं की अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा और इसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों व दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े सवाल का भी जवाब दिया। आजम खान की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और "काका श्री" हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी, वैसी भरनी (जैसा बोओगे, वैसा काटोगे), चाहे वह आजम खान हों या कोई माफिया सरगना। उन्होंने राज्य के विकास में बाधा डाली, इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। यूपी में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुमार्ना भरना होगा। आज प्रदेश की बहन-बेटियां सुरक्षित हैं। अब अपराधी गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगने पर मजबूर है। हमने प्रदेश में एक भयमुक्त वातावरण दिया है।

## विपक्ष को अपनी हार का एहसास है: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। 75 साल की उम्र में प्रधानमंत्री मोदी के राजनीति से सेवानिवृत्त होने के केजरीवाल के दावे पर योगी ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी हार का एहसास है। यही वजह है कि वह उम्र का सहारा ले रहा है।

**छद्म आक्रमण का निरर्थक प्रयास कर रहा विपक्ष:** योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक प्राप्त हो रहे अपार जन समर्थन के सम्मुख विपक्ष का सारा प्रोपोगैंडा विफल हो गया है। लोकसभा चुनाव में अपनी पराजय सुनिश्चित जान, हताश विपक्ष मोदी जी की आयु का बहाना बनाकर छद्म आक्रमण का निरर्थक प्रयास कर रहा है।' योगी ने आगे लिखा कि 'भारत का जन गण मन जानता है कि मोदी का हर क्षण भारत माता को परम वैभव तक ले जाने के लिए समर्पित है।' उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पनाएं सिद्ध हो रही हैं। तीसरे कार्यकाल में भारत वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा से पूछा था कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा? उन्होंने तर्क दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी 2025 में 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे।

## सपा ने जारी की प्रत्याशियों की एक और लिस्ट



ऐलान

▸▸ सपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दोनों प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो और सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। सपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दोनों प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने मिर्जापुर सीट से रमेश बिंद व रॉबर्ट्सगंज सीट से छोटेलाल खरवार को प्रत्याशी बनाया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की अंतिम मुहर लगने के बाद मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज सीट पर सभी अटकलों पर विराम लग गया है। सपा की ओर से मिर्जापुर सीट से रमेश बिंद व रॉबर्ट्सगंज सीट से छोटेलाल खरवार को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें रमेश बिंद भाजपा के टिकट पर भदोही से सांसद हैं। समाजवादी पार्टी ने पहले यहां राजेंद्र बिंद को टिकट दिया था। अब उनका टिकट काटकर रमेश बिंद को दिया गया है। बता दें एनडीए गठबंधन में दोनों सीटे अपना दल एस के खाते में गई हैं।

## नौकरियां तो नीतीश कुमार ने दी: जीतनराम मांझी



क्रेडिट की होड़

▸▸ मांझी ने कहा कि किसी भी सरकार का हेड मुख्यमंत्री होता है तो, यह नौकरी नीतीश कुमार के अतिरिक्त किस ने दी?

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोतिहारी:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने मोतिहारी जिले में एनडीए गठबंधन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने नौकरी का क्रेडिट लेने पर तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। मांझी ने कहा कि किसी भी सरकार का हेड मुख्यमंत्री होता है तो, यह नौकरी नीतीश कुमार के अतिरिक्त किस ने दी? कई विभाग पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पास थे। वह बताएं कि उन विभागों में उन्होंने कितनी नौकरियां दीं। मांझी ने कहा कि तेजस्वी यह भ्रम फैला रहे हैं कि एनडीए अगर 400 से ज्यादा सीटें जीत जाएगी तो वह संविधान को बदल देगी। इस झूठ से भी सावधान रहने की जरूरत है। संविधान में संशोधन के लिए पर्याप्त बहुमत रहने के कारण ही धारा 370 हटा। जब उस समय आरक्षण नहीं हटा तो, आगे ऐसा कुछ नहीं होने वाला है।

## सियासी रण में साइबर वार को आइटी योद्धा तैयार



चुनाव का रूख

▸▸ इंटरनेट मीडिया के लगभग सभी माध्यमों पर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। कड़ी चुनाव का रुख तय कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर : चुनाव करीब** है, तरह-तरह के सियासी आयोजनों से इसका अहसास जमीन पर तो हो ही रहा है, साइबर दुनिया भी सियासी हो चली है। इंटरनेट मीडिया के लगभग सभी माध्यमों पर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। सभी मंचों पर सवाल-जवाब की कड़ी चुनाव का रुख तय कर रही है। सभी दलों ने अपने आइटी योद्धाओं को टीम बनाकर सक्रिय कर दिया है। वह इंटरनेट मीडिया पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। दल की नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के साथ विपक्षी की ओर से उठ रहे सवालों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। कोई क्रिएटर है तो कोई चेकर। किसी की जिम्मेदारी डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर तय की गई है। सभी अपनी-अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। साइबर मोर्चे पर आइटी योद्धाओं को समर्थकों का भी साथ मिल रहा है। उनकी सहयोग से हर दल में साइबर प्रचार का असर भी दिख रहा है।

**भाजपा ने उतारी क्षेत्र से लेकर मंडल तक आइटी टीम:** भाजपा ने इसे लेकर खास तैयारी की है। क्षेत्र से लेकर मंडल तक आइटी योद्धाओं की टीम उतारी है। लोकसभा और विधानसभा स्तर पर तैनात 10-10 आआइटी योद्धा इंटरनेट मीडिया के हर मोर्चे पर विपक्षी के हर साइबर वार का काट तैयार करे हैं, साथ ही बदले में वार भी कर रहे। पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आडियो-वीडियो के जरिये इंटरनेट मीडिया के हर प्लेटफार्म पर पहुंचाने की भी उनकी जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की लाभ कहानी जन-जन तक पहुंचाकर मतदाताओं को लुभाने की पूरी तैयारी है। विपक्षी के सवाल के निर्यंत्रित जवाब का उन्हें निर्देश है।

## पंजाब के 'रण' में युवा योद्धा

ताल ठोकेंगे

▸▸ अब तक घोषित प्रत्याशियों में से संगरूर से आप प्रत्याशी गुरमीत सिंह मीत हेयर सबसे कम उम्र के ह



**टीम एक्शन इंडिया**
**जालंधर** : कोई भी चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र होना तो अनिवार्य है, लेकिन अधिकतम उम्र का कोई बंधन नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए अब तक घोषित प्रत्याशियों में से संगरूर से आप प्रत्याशी गुरमीत सिंह मीत हेयर सबसे कम उम्र के हैं। उनकी उम्र 34 वर्ष है। सबसे अधिक उम्र की प्रत्याशी 79 वर्षीय परनीत कौर हैं। फरीदकोट से शिअद प्रत्याशी राजविंदर सिंह की उम्र 47 वर्ष है, जो पार्टी के सभी प्रत्याशियों में सबसे कम है। कांग्रेस की ओर से सबसे कम उम्र के प्रत्याशी खडूर साहिब के कुलबीर जीरा हैं। उनकी उम्र 43 वर्ष है। भाजपा की ओर से अब तक उतरे प्रत्याशियों में सबसे कम उम्र के रवनीत बिट्टू हैं। उनकी उम्र लगभग 49 वर्ष है। जालंधर से भाजपा प्रत्याशी सुशील रिंकू की उम्र भी लगभग 49 वर्ष है, लेकिन वह बिट्टू से तीन माह बड़े हैं।

**परनीत का अनुभव भी अधिक** : राजनीति की बुजुर्ग योद्धा 79 वर्षीय परनीत कौर की सिर्फ उम्र ही नहीं, ब्लकि अनुभव भी बहुत अधिक है।

वे वर्ष 1999, 2004, 2009 और 2019 में चार बार सांसद बन चुकी हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री भी रह चुकी हैं। परनीत कौर से सात माह छोटे शिअद (अ) के प्रमुख और संगरूर से प्रत्याशी सिमरनजीत सिंह मान 1989 से 1991 तक तरनतारन, 1999 से 2004 तक संगरूर और वर्ष 2022 में संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीतकर तीन बार सांसद बने हैं।

## चुनाव: उप्र में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक मिला

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में सख्ती से आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। इसी के तहत अब तक यूपी में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक और 530 बम बरामद हुए हैं। अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## सत्ता के भागियों एवं योगियों के बीच का चुनाव है 2024 : स्वतंत्रदेव



निशाने पर


▸▸ पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद करते भाजपा सरकार के कार्यों को गिनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** साल 2024 का ये चुनाव सत्ता के भोगियों और देश की गरीब जनता की सेवा करने वाले योगियों के बीच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 24 सालों में आजतक कोई छुट्टी नहीं ली। मोदी तपस्वी की तरह दिन रात देश की सेवा में लगे रहते हैं। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को संतकबीरनगर में कही। वह एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण निषाद और बांसगांव से प्रत्याशी कमलेश पासवान के लिये युवा मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित करने पहुंचे थे।

वहीं कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद करते भाजपा सरकार के कार्यों को गिनाया।

## नशे की खेप और ड्रग मनी पकड़ी

**अमृतसर:** हिमाचल प्रदेश के बद्दी क्षेत्र से प्रतिबंधित दवाओं का कारोबार करने वाली कंपनियों में छापामारी कर स्पेशल टास्क फोर्स ने नशे की बड़ी खेप बरामद की है। तीन महीने तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस ने 70.42 लाख प्रतिबंधित गोलियां, कैप्सूल, 725 किलो नशीला पाउडर और 2.37 लाख रुपये ड्रग मनी बरामद कर कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कारोबार का मुख्य सरगना उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का एलेक्स पालीवाल है।




**आदेश** जंगबाज की शक्ल में प्रत्याशी और दलों के लिए लोकसभा चुनाव को फतह करना ही अंतिम लक्ष्य

## धुरंधरों ने किस्मत चमकाने के लिए बदली विचारधारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** पूर्वांचल में राजनीतिक मैदान तैयार है। जंगबाज की शक्ल में प्रत्याशी और दलों के लिए लोकसभा चुनाव को फतह करना ही अंतिम लक्ष्य है। कई 'धुरंधरों' ने अपनी जीत पक्की करने के इरादे से अपनी विचारधारा बदल दी है। वह पुरानी पार्टी को 'गुडबाय' बोल नए दल के साथ अपनी किस्मत बदलने की कोशिश में हैं। प्रत्याशी ऐसे हैं, जो पहले दूसरी पार्टियों की नीतियों के दम पर वोट मांगते थे। मतदाताओं ने उन्हीं नीतियों और विश्वसनीयता के आधार पर पर वोट दिया, लेकिन इस चुनाव में चेहरे वही हैं लेकिन रास्ते जुदा हैं। नए दल के साथ 'बिसात' पर नई चालें चली जा रहीं हैं। मुकाबले को रोचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कई सूरमा के लिए इस बार 'नाक की लड़ाई' है ...।

**वाराणसी:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय फिर कांग्रेस से ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी पार्टी बदली है। भाजपा की छात्र शाखा के सदस्य के रूप में करियर शुरू किया। 1996 से 2007 के मध्य लगातार तीन बार भाजपा से कोलासला सीट पर विधायक बने। 2009 में वह सपा में शामिल हुए। वाराणसी लोकसभा का चुनाव लड़े लेकिन हार गए। 2012 में कांग्रेस में शामिल हुए।

**जौनपुर :** कृपाशंकर सिंह भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। वह 2004 में महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार में राज्य मंत्री थे। लंबे समय तक महाराष्ट्र कांग्रेस में रहने के बाद वह 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। बाबू सिंह कुशवाहा सपा से ताल ठोंक रहे हैं। वह बसपा के पुराने नेता रहे हैं। जन अधिकार पार्टी भी बनाई।

भाजपा में शामिल हुए लेकिन पार्टी में असंतोष की आवाजें उठीं तो त्यागपत्र दे दिया।